**श्रीमती सुषमा स्वराज :** अध्यक्ष महोदया, यह जो बेमेलपन है, यह जो विषमता है, यह जो असमानता है, अभी जो भारत बंद हुआ, उसमें अरबपति या खरबपति नहीं आये, उस बंद में कोई करोड़पति या लखपति भी नहीं आया और जो हजारों कमाता है, वह भी नहीं आया। उस बंद में वह व्यक्ति निकलकर रोड पर आया जिसे दो वक्त की रोटी नहीं मिलती...(व्यवधान) अध्यक्ष जी, सड़क पर संघर्ष करने के बहुत से माध्यम होते हैं - धरने होते हैं, प्रदर्शन होते हैं, लोग रैलियां निकालते हैं लेकिन एक अभूतपूर्वक भारत बंद सब से कड़ा, सब से प्रभावी माध्यम होता है। इसीलिए हमने चाहा था कि अगर सड़क पर सबसे प्रभावी माध्यम का इस्तेमाल उस आम आदमी ने किया है तो हम भी सबसे प्रभावी माध्यम के अंतर्गत यहां चर्चा करें और इसीलिए हमने एडजर्नमेंट मोशन दिया था कि वह उस आदमी के संघर्ष से मेल खा जाये जो भारत बंद में निकला था। आपने नियमों का हवाला देकर हमारा एडजर्नमेंट मोशन खारिज कर दिया। उसके बाद हमने कहा कि मतदान के तहत नियम 184 में चर्चा करेंगे। मैं आज प्रधानमंत्री जी से कहना चाहती हूं कि अगर उस पर मतदान होता तो हम मतदान में यह नहीं दिखाना चाहते थे कि सरकार के साथ कौन है या सरकार के खिलाफ कौन है। हम यह दिखाना चाहते थे कि आम आदमी के साथ कौन है और महंगाई के साथ कौन है। उस नियम 184 को भी आपने स्वीकार नहीं किया और फिर हम लोगों ने इस प्रस्ताव को स्वीकार किया। मैं कहना चाहती हूं कि जिस तरह भारत बंद में वह आदमी निकला था जो भूख से मर रहा है,...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** आप लोग शांत हो जाइये।

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** महोदया, भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश में एक हस्ताक्षर अभियान चलाया था। उस पर करोड़पति ने हस्ताक्षर नहीं किये थे, उस पर लखपति ने हस्ताक्षर नहीं किये थे, उस पर हजारों कमाने वाले ने भी

हस्ताक्षर नहीं किये थे, उस पर उन दस करोड़ गरीब लोगों ने हस्ताक्षर किये थे, जो भूखों मर रहे हैं। वे हस्ताक्षर हम महामहिम राष्ट्रपति जी को सौंपकर आये थे। इसीलिए हम चाहते थे कि यहां एक प्रभावी विधा के तहत चर्चा हो, लेकिन जब यह तय हुआ कि इस प्रस्ताव के तहत चर्चा होगी तो हमने वित्त मंत्री जी से कहा कि जो मोशन हमने तय किया, उसमें सरकार का आह्वान करने की बात की। उन्होंने कहा था कि मैं क्या स्टेप्स लूं? हमने कल कहा था कि आप रेवेन्यू न्यूट्रल रिजिम लाइये, वह एक स्टेप है। मैं एक और स्टेप आपको बताना चाहती हूं। आपके यहां भंडारण की बहुत बड़ी समस्या है। कल मैंने भी इसके बारे में कहा और बाकी लोगों ने भी इसके बारे में कहा कि एफसीआई के गोदामों में माल बाहर पड़ा हुआ सड़ रहा है और आप खाने वालों को, भूखे लोगों को नहीं दे रहे हैं। इसके बारे में मैं आपको एक सुझाव देना चाहती हूं। शायद प्रधानमंत्री जी को इसके बारे में पता हो, चूंकि वे पंजाब से आते हैं। एक बार पंजाब में वह सुझाव इस्तेमाल किया गया था। जिस समय मंडी में गेहूं, चावल की नयी आवक आती है, उस समय अगर आप अपने छोटे से छोटे कर्मचारी को व्हीट एडवांस या राइस एडवांस देना शुरू करें और बाद में राज्यों से भी कहें कि वे भी उन्हें व्हीट एडवांस या राइस एडवांस देना शुरू करें तो प्रधानमंत्री जी, लाखों-लाख लोग सीधे मंडी से उस माल को उठायेंगे। इससे आपको तीन फायदे होंगे- पहला यह कि लाखों-लाख घरों में खाद्य सुरक्षा निश्चित हो जायेगी। अप्रैल आते ही लोगों के घर में पूरे वर्ष का गेहूं, राशन पहुंच जायेगा। घर की गृहणी शांत हो जायेगी कि कम से कम मेरे पास गेहूं, आटा आ गया है, मैं नमक डालकर बच्चों को रोटी खिला दूंगी, लेकिन बच्चे भूखे नहीं मरेंगे। दूसरा फायदा यह होगा कि लाखो-लाख घरों में भंडारण होगा, कहीं दो क्विंटल, कहीं चार क्विंटल और कहीं छह क्विंटल और वह भंडारण उसकी देखरेख में होगा। वह गेहूं सड़ेगा नहीं। जब हम छोटे थे तो हमारे घरों में हमारे पिता आवक के आते ही गेहूं ले आते थे। हम लोग नीम की पत्तियां लगाकर उसे अपने-अपने घरों में रखते थे। एक-एक घर में चार-चार क्विंटल, छह-छह क्विंटल, आठ-आठ क्विंटल गेहूं का भंडारण हो जायेगा। इसके लिए आपको एक नया पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा। लाखों-लाख घरों में भंडारण होगा, लाखों-लाख घरों में खाद्य सुरक्षा होगी और जो पैसा आप एडवांस के रूप में देंगे, आप जो एफसीआई के गोदाम खरीदते हैं, उनमें भी आपका पैसा जाता है, यह लोन होगा जो उनके वेतन से कटकर आपके पास वापस आ जायेगा। आप हमारे साथ बैठिये, हम आपको ऐसे बहुत से सुझाव देंगे, जिनसे आम आदमी को राहत मिलेगी और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी।...(व्यवधान) पैट्रोल, डीजल पर मैंने आपको बताया कि जब हमने एपीएम तोड़ा था तो उसके साथ हमने यह तय किया था कि हर सात दिन बाद हम ऑयल कंपनीज़ के साथ बैठा करेंगे। जो रेवेन्यू आता था, उसमें से आधा ऑयल कंपनी को देते थे और आधा उपभोक्ता को देते थे। रेवेन्यू न्यूट्रल रिजिम रखते थे, अगर आप इस नीयत से बैठेंगे कि देश की महंगाई कम करनी है, लोगों को राहत देनी है तो हम लोग सुझाव देंगे। आप हमारे साथ बैठिये, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आप दुविधा में है। आपको यह पता ही नहीं है कि महंगाई कम करनी है या नहीं करनी है। आप इधर बढ़ाते हैं और उधर कहना शुरू कर देते

हैं कि हम वापस नहीं लेंगे, वापस नहीं लेंगे, कम नहीं करेंगे, कम नहीं करेंगे। मैं आज आपसे कहती हूं कि सदन की यह सैंस उभरकर आयी है और महोदया, उस सैंस में आप सरकार से कम से कम यह जरूर कहिये।

आप ये तो कहेंगे कि महंगाई कम करिए, उपाय करिए, लेकिन इन्होंने जो कीमतें बढ़ाई हैं, उसमें से कम से कम थोड़ा रोलबैक करके आम आदमी को राहत दें। यह सेंस उभर कर आई है, अगर यह सेंस आप देती हैं तो मुझे लगता है कि यह चर्चा थोड़ी सार्थक हो सकेगी।

MADAM SPEAKER: Hon. Members, I place the following Resolution before the House.

> "This House, having considered the inflationary pressure on the economy of the country, urges upon the Government to take further effective action to contain its adverse impact on the common man."

I hope the House agrees.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

MADAM SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.30 p.m.

**13.27 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Thirty Minutes past Fourteen of the Clock.*

---

**<u>14.31 hrs.</u>**

*The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Thirty-one Minutes past Fourteen of the Clock.*

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

## MOTION RE: CONSIDERATION OF ISSUES OF POPULATION STABILISATION IN THE COUNTRY

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up item no. 15.

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI GHULAM NABI AZAD): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I beg to move:

> "That this House do consider the issues of Population Stabilisation in the country."

उपाध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं माननीया स्पीकर साहिबा का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने जनसंख्या के स्थिरीकरण पर हमें यह बहस करने का अवसर प्रदान किया।

माननीय डिप्टी स्पीकर साहब, सबसे पहले इस विषय पर लगभग 35 वर्ष पूर्व चर्चा हुई थी। इस सदन में हमारे बहुत सारे मैम्बर्स ऑफ पार्लियामेंट ऐसे हैं, जिनके सामने फेमिली प्लानिंग या पॉपुलेशन स्टैबिलाइजेशन के बारे में इस हाउस में पहली बार चर्चा हो रही है। यदि एग्जैक्ट कहूं, तो ठीक साढ़े 33 साल इस चर्चा को हुए हो गए हैं और साढ़े 33 साल एक इंसान की उम्र होती है। इतने वर्षों के बाद आज पॉपुलेशन स्टैबिलाइजेशन पर सदन में दुबारा चर्चा हो रही है।

महोदय, पिछले साल, जब मैंने हैल्थ मिनिस्ट्री का चार्ज संभाला, तो चार्ज संभालने के एक-डेढ़ महीने के अंदर-अंदर वर्ल्ड पॉपुलेशन डे आ गया। 11 जुलाई को 'वर्ल्ड पॉपुलेशन डे' मनाया जाता है, जिसमें पूरे विश्व में जनसंख्या को किस तरह से स्थिर रखा जाए, इसके बारे में चर्चा होती है। राज्य सरकारों की साल भर में क्या-क्या उपलब्धियां है और स्विटजरलैंड में डब्ल्यू.एच.ओ. की मीटिंग होती है, जिसमें 192 देश आते हैं और हजारों की संख्या में सारे विश्व से ऑफीसर्स आते हैं। वहां बड़े-बड़े जो इश्यूज होते हैं, उन पर चर्चा होती है और उन्होंने साल भर में क्या-क्या उपलब्धियां की हैं, वे पूरे साल चर्चा का विषय बनती रही हैं। मैंने देखा, जब हमारे मंत्रालय ने विश्व पॉपुलेशन डे पर एक एयरकंडीशंड कमरे में फंक्शन रखा, उसमें जाहिर है कि चीफ गैस्ट मैं ही था। सब स्टेट्स से ऑफीसर्स बुला लिए गए।

2-4 आदमियों को ईनाम दिया गया कि आपने शादी 18 साल की उम्र में की है और बात खत्म हो गई। मैंने पूछा कि क्या पिछले वर्षों से इसी तरह से यह वर्ल्ड पोपुलेशन डे मनाया जा रहा है कि हम एयरकंडीशंड कमरे में आयें, पोपुलेशन को, आबादी को पूरे देश में किस तरह से स्थिर किया जाये, उस पर एयरकंडीशंड कमरे में हम बहस करें और अगले साल का इन्तजार करें कि अगले साल फिर यह डे आयेगा, उस दिन फिर एक एयरकंडीशंड कमरे में इस पर हम बहस करेंगे। क्या यही सिलसिला है तो मुझे ऑफिसर्स ने कहा कि गवर्नमेंट्स बदल गईं, सरकारें बदल गईं, दांये की बांये हुई, बायें की दांये हुई, सैण्टर की भी दांये-बायें हो गईं, लेकिन यह एयरकंडीशंड कमरा नहीं बदला और न ही सोच बदली।

मैंने यह सोचा और अपने साथियों से कहा कि यदि हम इसी गति से एयरकंडीशंड कमरे में बैठकर हिन्दुस्तान की पोपुलेशन को स्थिर करना चाहेंगे तो हमको यह पोपुलेशन स्थिर करने में शायद कई हजार साल लगेंगे और कई जैनरेशंस निकल जाएंगी, शायद 5000 साल और लगेंगे। इसीलिए मैंने उसी वक्त और उसी दिन यह निश्चय किया और यह निर्णय लिया कि अगर हमको जनसंख्या को स्थिर करना है, जनसंख्या का स्थिरीकरण करना है तो एयरकंडीशंड कमरों में भाषण करने से, चाहे वह मैं हूं या ये हों या ये हों तो यह कभी नहीं हो पाएगा। इसके लिए हमको सड़कों पर उतरना होगा। उसके लिए पार्लियामेंट में बहस होनी चाहिए, उसके लिए विधानसभाओं में बहस होनी चाहिए, उसके लिए जिला परिषद् में बहस होनी चाहिए, उसके लिए कारपोरेशन में बहस होनी चाहिए, उसके बाद इसे हमें एक आन्दोलन की तरह लेना होगा और पार्टी पोलिटिक्स से ऊपर उठकर लेना होगा।

बदकिस्मती से पहले यह कार्यक्रम जब शुरू हुआ तो राजनीति ने बीच में आकर इसको ऐसे लिटा लिया कि अभी 33 साल के बाद आज हम सब इस पर चर्चा कर रहे हैं। लेकिन मुझे खुशी इस बात की है कि इन 33 वर्षों में सभी राजनैतिक दलों ने, चाहे वह अपोजीशन है या रूलिंग पार्टी है, छोटा अपोजीशन है या बड़ा अपोजीशन है, वे इस बात पर पहुंच गये, इस नतीजे पर पहुंच गये हैं कि इस देश में जब तक जनसंख्या का स्थिरीकरण हम नहीं करेंगे तो हमारे देश के लिए बहुत मुश्किल होगी। आपको यह सुनकर बड़ा आश्चर्य होगा कि जितनी भी दुनिया की जमीन है, भूमि है, उस भूमि का सिर्फ 2.5 प्रतिशत, टू बी प्रीसाइज़ 2.4 प्रतिशत हिन्दुस्तान, भारत के हिस्से में आया, लेकिन आबादी विश्व की कितनी हिस्से में आई है-17 प्रतिशत। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं। मुम्बई के लोग ज्यादा अच्छी तरह से जान सकते हैं, अब दिल्ली के भी जानने लगे हैं कि जो घर 2.5 आदमियों के लिए बना है, उसमें 17 आदमी रह रहे हैं। अभी तक जो बहस हो रही थी, सुषमा जी ने जिसको आरम्भ किया और खत्म भी किया, महंगाई पर, ठीक है, महंगाई के और बहुत कारण हैं, मैं यह नहीं कह सकता हूं। लेकिन यह भी एक कारण है।

यह भी एक कारण है कि जो भूमि ढाई लोगों के लिए बनी है, उसका अनाज 17 लोग खा रहे हैं। मुझे अफसोस है कि इस पर भी किसी को चर्चा करनी चाहिए थी, क्योंकि ये दोनों मुद्दे जुड़े हुए हैं। सरकार की जिम्मेदारी कितनी है, क्या है, राज्य सरकारों की कितनी जिम्मेदारी है, मैं उसमें नहीं जाना चाहता हूं, लेकिन यह जरूर है कि हर साल जमीन घटती जा रही है और आबादी बढ़ती जा रही है। हर साल 18 करोड़ आबादी बढ़ती है, लेकिन जमीन हर साल घटती रहती है। ढाई प्रतिशत जमीन का हिस्सा, जिसके बारे में मैंने कहा, उसी ढाई प्रतिशत जमीन पर हर साल लाखों मकान बनते हैं, उसी भूमि पर हर साल लाखों झोपड़ियां बनती हैं, उसी ढाई प्रतिशत जमीन पर हजारों-लाखों बड़ी और छोटी सड़कें बनती हैं, नहरें बनती हैं, पुल बनते हैं, रेलवे ट्रैक्स बनते हैं, रेलवे और बस स्टैंड्स बनते हैं, अस्पताल बनते हैं, स्कूल्स बनते हैं, डिस्पेंसरीज बनती हैं, कालेजेज और यूनिवर्सिटीज बनती हैं। आखिरकार ये हवा में तो नहीं बनते हैं, जितना भी हम इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करें, देश के हर गांव तक पहुंचने के लिए सड़क बनायें, वह आसमान पर नहीं बनती है, वह जमीन पर बनती है। इसी ढाई पर्सेंट जमीन पर सब कुछ हो रहा है। आबादी बढ़ती जा रही है और जमीन घटती जा रही है। यह मिसमैच है। आबादी की जितनी संख्या बढ़ रही है, अगर एक चौथाई के हिसाब से जमीन भी बढ़ती जाती, तो शायद हम कहीं पहुंच पाते, लेकिन ये बिल्कुल नार्थ पोल और साउथ पोल हैं। इन हालात में क्या हमने कभी यह सोचा है कि इसका मुकाबला कैसे करें?

उपाध्यक्ष जी, मैं कहना चाहूंगा कि इस पर एक हेल्थ मिनिस्टर का, एक हेल्थ मिनिस्ट्री का, केवल गवर्नमेंट के अकेले का बस नहीं है। इसके लिए हम सबको एक होना पड़ेगा। मैं कुछ आंकड़ें यहां बताना चाहूंगा और आपको उनको जानकर हैरानी भी होगी। हमारी पापुलेशन पालिसी वर्ष 2000 में बनी थी। उस वक्त वाजपेयी जी प्रधानमंत्री थे। इसे बने दस साल हो चुके हैं, जिसमें तीन-चार चीजें रखी गयी थीं। उसका आब्जेक्ट, लक्ष्य क्या था, जिसे मानकर यह सरकार इसे आगे चला रही है। एक लक्ष्य तो यह था कि अनमेट नीड्स फार कांट्रासेप्टिव्ज का इस्तेमाल, इसके बाद इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी है, फेमिली प्लानिंग या हेल्थ से जुड़ी चीजों को ठीक करना। इसके मिड टर्म आब्जेक्टिव्स क्या थे और लांग टर्म आब्जेक्टिव्स क्या थे? मैं सबसे पहले मिड टर्म आब्जेक्टिव के बारे में कहना चाहता हूं। मिड टर्म आब्जेक्टिव था कि वर्ष 2010 तक हमारा टीएफआर, जिसको हम हिंदी में कुल प्रजनन कहते हैं, यह 2.1 होना चाहिए। यदि वर्ष 2010 तक टोटल फर्टिलिटी रेट 2.1 हो गया, तब वर्ष 2045 तक हमारी पापुलेशन का स्टेब्लाइजेशन होगा।

इसका मतलब उसके बाद होगी, कई साल लगेंगे। लेकिन टीएफआर की नेशनल ऐवरेज क्या होगी। टीएफआर को देसी भाषा में कुल प्रजनन कहते हैं, एक पति और पत्नी के पूरी उम्र में सिर्फ दो बच्चे हों। अगर यह ऐवरेज पूरी कंट्री की 2.1 आ गई और य वर्ष 2010 में हुई, तब 2010 में ही स्टैबिलाइजेशन नहीं होगा, उसके बाद भी 35 साल लगेंगे, 2045 में स्टैबिलाइजेशन होगा, क्योंकि जो बच्चे 5 साल, 8 साल या 10 साल पहले एक-एक कपल

से 6,7,8 या 4,5,6 पैदा हुए हैं, 2010 तक उनकी बहुत ज्यादा संख्या पैदा करनी होगी और वे बच्चे पैदा करते रहेंगे। अगर वे दो बच्चे भी पैदा करेंगे, तब भी हमें स्टैबिलाइजेशन में 35 साल लगेंगे। लेकिन वर्ष 2045 में स्टैबिलाइजेशन कब होगी और जनसंख्या स्थिर होगी? वर्ष 2045 में जनसंख्या तब स्थिर होगी, जब 2.1 2010 में होगी। हमारी नेशनल ऐवरेज 2006 है। लेकिन आज मैं 14 राज्यों का नाम लेकर बधाई देना चाहता हूं। आज कौन सी पार्टी है, क्योंकि यह एक दिन में नहीं हुआ, जिन्होंने 2.1 का लक्ष्य 2010 तक पूरा कर दिया है। इनमें तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र और पंजाब, वैस्ट बंगाल और हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और सिक्किम, चंडीगढ़, पांडिचेरी और अंडमान-निकोबार है। मैं हैल्थ मिनिस्ट्री की तरफ से, अपनी तरफ से और इस सदन की तरफ से उन सरकारों और उनसे पहले वाली सरकारों को, क्योंकि यह एक दिन में नहीं होता, इसमें दस साल लगते हैं और इसमें बारी-बारी सब सरकारें आईं, और उन सरकारी कर्मचारियों को बधाई देना चाहता हैं, उनसे भी ज्यादा उन लोगों को बधाई देना चाहता हूं, उन माता-पिता को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने यह उपलब्धि प्राप्त की है।

माननीय डिप्टी स्पीकर साहब, तीन-चार और राज्य हैं जहां 2.8 और 3.0 के बीच है, वे मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश हैं। जम्मू कश्मीर भी इसी में है। लेकिन इससे काम नहीं बनेगा। हमारी चिन्ता, इस देश की सबसे बड़ी चिन्ता सैंट्रल इंडिया की है, जिसमें उत्तर प्रदेश,...(व्यवधान) यह किसी सरकार पर टिप्पणी नहीं है, माफ कीजिए। आज एक सरकार है, कल दूसरी थी, उससे पहले तीसरी थी। ये चीजें बराबर चलती आई हैं, इसमें कोई परिवर्तन नहीं लाया, माफ कीजिए। वह मेरी पार्टी हो या आपकी पार्टी हो, इसमें किसी पर टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इस चीज में परिवर्तन कभी आया होता, मैं बाकी चीजों में नहीं कह रहा हूं, मैं एडमिनिस्ट्रेशन में नहीं कह रहा हूं, लॉ एंड आर्डर की बात नहीं कर रहा हूं। मैं केवल आज के संदर्भ में बात कर रहा हूं कि दुर्भाग्य से इसमें कोई भी परिवर्तन नहीं ला पाए हैं।

**श्री मुलायम सिंह यादव (मैनपुरी):** औरों का तो बताया, आपके कितने बच्चे हैं?

**श्री गुलाम नबी आज़ाद:** मेरे दो बच्चे हैं।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** मेरे एक ही है।

**श्री गुलाम नबी आज़ाद:** मेरे दो बच्चे हैं, एक लड़का है और एक लड़की है।

**श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा):** आपके दो हैं, इनके एक है और वह लड़का है, लेकिन मेरे तो एक ही बच्चा है और वह भी बेटी है। इस तरह मैं इकलौती बेटी की मां हूं।

**श्री गुलाम नबी आज़ाद:** मैं अभी घोषणा कर देता हूं, लेकिन हम वर्ल्ड पॉपुलेशन डे याद रखें, जो हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है, उसमें ऐसे लोगों को ईनाम दिया जाता है। आप ऐसे लोगों की लिस्ट में आ गए हैं।

**श्रीमती सुषमा स्वराज :** मेरे एक ही बेटी है, उसके लिए क्या करेंगे?

**श्री गुलाम नबी आज़ाद:** एक वाले को तो सबसे ज्यादा मिलेगा। हम बहुत ही गम्भीर विषय पर चर्चा कर रहे हैं। इसमें किसी राज्य सरकार या जो आज सत्ता में हैं, माफ कीजिए मैं किसी पर भी आरोप नहीं लगा रहा हूं और कोई यह न समझे कि उन पर कोई टिप्पणी है। इनमें कई राज्यों में कांग्रेस पार्टी की भी सरकारें हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि आबादी के मामले में सबसे बड़ा चिंता का विषय यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड राज्य हैं, क्योंकि यहां पर टीएफआर सबसे ज्यादा है। किसी राज्य में 3.7 है, तो किसी में 3.8 या 3.9 है। यह तो एक एवरेज है, क्योंकि मान लो किसी के एक ही बच्चा है, जैसे मुलायम सिंह जी के है, तो उसे भी साथ लेकर चलें तो एवरेज छः या सात बच्चे एक परिवार में आज भी पैदा हो रहे हैं।

**उपाध्यक्ष महोदय:** आपने सुषमा जी क्यों छोड़ दिया, इनके भी तो एक ही बच्ची है।

**श्री गुलाम नबी आज़ाद:** मैं यूपी, बिहार आदि राज्यों की बात कर रहा हूं, यह उनमें नहीं आतीं। इन राज्यों में एवरेज 3.8, 3.9 है और यहां एक बच्चे वालों की एवरेज कम है, दो बच्चे वालों की भी कम एवरेज है, लेकिन फिर भी काफी संख्या है। इन राज्यों में टोटल एवरेज देखी जाए तो पांच-छः बच्चों वाले परिवार का चलन अब भी है और यही हमारे लिए चिंता का सबसे बड़ा विषय है।

मैं इस बात का भी उल्लेख करना चाहता हूं कि रजिस्ट्रार जनरल आफ इंडिया जो सेंसस करते हैं, उनकी रिपोर्ट भी बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने बताया है कि सन् 2001 से 2026 तक यानि 25 बरसों में 37 करोड़ आबादी बढ़ेगी। अब इन 25 बरस में से दस बरस तो निकल गए, उसका पता अगले साल चलेगा। लेकिन इन 25 बरसों में 37 करोड़ आबादी बढ़ेगी, उसमें से 50 प्रतिशत आबादी इन सात राज्यों की होगी, जिनका जिक्र मैंने कुछ देर पहले किया है। बाकी जो राज्य हैं और केन्द्र शासित राज्य हैं, उनमें शेष 50 प्रतिशत आबादी बढ़ेगी। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि कितना काम इन राज्यों में हमें करने की जरूरत है।

मुझे खुशी है कि हमारे यूपी, बिहार से आने वाले माननीय सदस्य इस समय यहां मौजूद हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि उनके सहयोग के बिना यह काम नहीं हो सकता। वे भी इस मामले की गम्भीरता को समझते हैं और जानते हैं।...(व्यवधान) साउथ वालों ने अपना काम कर दिया है।

यह मजाक की बात नहीं है, यह जो वास्तविकता है, इस वास्तविकता को कभी न कभी हमें मानना पड़ेगा। हम हजार बार यहां बहस करें कि पानी नहीं है, बिजली नहीं है, अनाज नहीं है, उस बहस से सरकारें आयेंगी, बदलेंगी, लेकिन उससे कुछ निकलेगा नहीं। एक सरकार ठीक नहीं करती दूसरी आयेगी, लेकिन जैसे मैंने शुरू में कहा कि जमीन तो वही ढाई परसेंट है, उसमें उतना ही अनाज पैदा होना है और उस ढाई परसेंट में भी मैंने बताया कि जंगल है, पहाड़ हैं, दरिया हैं, मकान और अस्पताल हैं तो उस जमीन में आप कोई भी तकनीक लगाओ, कितना अनाज निकलेगा?

**श्री शरद यादव (मधेपुरा) :** माननीय मंत्री जी सही दिशा में बात कर रहे हैं, मैं आपका शुक्रिया करता हूं कि आपने इस बहस को यहां उठाया। यह जो जनसंख्या का मामला है, जिस रास्ते पर हम चल रहे हैं, उसमें कुछ नये रास्ते और सोचे जाने चाहिएं। जो कम बच्चे वाले लोग हैं उन्हें कोई न कोई इंसेंटिव मिलना चाहिए। अगर यह कंपोनेंट आप इसमें नहीं डालेंगे तो आजकल नौकरी चाहे प्राइवेट हो या सरकारी हो, इस कंपोनेंट को इसके साथ लिंक किया जाना चाहिए। मैं मानता हूं कि इसके पीछे एक बड़ा कारण गरीबी भी है। जिन सूबों का आपने नाम लिया, ये सूबे इतिहास गवाह है कि पहले से ही आबादी के हिसाब से बड़े रहे हैं। मुझे याद आता है इमरजेंसी का, स्वर्गीय संजय गांधी को कुछ लोग दोष देते हैं लेकिन मैं सोचता हूं कि कोई-न-कोई उपाय इस बढ़ती आबादी पर लगाना होगा और संजय गांधी ने जो बातें रखी थीं कि कुछ बातें मजबूती और सख्ती से भी करनी होंगी। इसलिए इसमें सख्ती भी बरतिये और इंसेंटिव भी दीजिए, इससे कोई रास्ता निकलेगा।

**श्री गुलाम नबी आज़ाद :** मैं आपका धन्यवाद करता हूं और माननीय उपाध्यक्ष जी का भी धन्यवाद करता हूं और मैं इसीलिए हाउस में आया हूं कि जब हमारे एयर-कंडीशन्ड कमरों में किसी पॉलिसी को इम्प्लीमेंट करने की बात होती है तो फिर वही बात होती है जिसकी चर्चा मैंने शुरू में की। इस हाउस में जब मैं आया हूं और अगले हाउस में भी इसी स्तर पर बहस होगी, तो मैं यहां इसलिए आया हूं कि यहां 120 करोड़

लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग बैठे हैं और ये 120 करोड़ लोगों के प्रतिनिधि सुबह-शाम पानी की मुसीबत से, सड़क-बिजली, नौकरी की मुसीबत से, अनाज दिलाने की मुसीबत से जूझते रहते हैं, उन्हें मालूम है कि छोटी आबादी क्या है, बड़ी आबादी क्या है, उनको मालूम है कि आज से 30 साल पहले जहां खेत थे, आज वहां मकान हैं, किसान खेती किस पर करेगा? जमीन रही कहां, भूमि रही कहां? इसलिए मैं इस सदन में आया हूं कि हमारे कमरों में स्कीमें तो बनती हैं लेकिन उन स्कीमों से परिवर्तन नहीं आयेगा। ये संसद जो कानून बनाती है, जो निर्देश देती है, जिस पर पूरे देश की आशाएं और उम्मीदें हैं.

**15.00 hrs.**

जिस पर पूरे देश की आशाएं और उम्मीदें हैं, वे पार्टी और राजनीति से हटकर निर्धारित करें और रास्ता दिखाएं कि आने वाले वक्त में देश को किस दिशा में जाना है। हम अपने बच्चों के लिए क्या सम्पत्ति छोड़ कर जा रहे हैं और उनके भविष्य के लिए क्या कर रहे हैं? हमें पता नहीं है कि जब तक हम जिंदा हैं, तब तक खाने के लिए अनाज और अनाज को बोने के लिए जगह उपलब्ध होगी या नहीं होगी। भारत और चीन बड़े देश हैं, लेकिन अमरीका, जिसकी आबादी 30 करोड़ है और हमसे ज्यादा एरिया है, बहुत सारे देश जैसे अस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि हैं, वहां आबादी बहुत कम है, वहां जमीन ही जमीन है, लेकिन फिर भी वहां वर्ल्ड पापुलेशन डे मनाया जाता है। वे आज से ही आने वाले 400-500 साल की बात सोच रहे हैं, वरना वे रात-दिन बच्चे पैदा करते। वे भी स्थिरता की बात करते हैं। इक्का-दुक्का देश हैं, जहां बिलकुल ही पापुलेशन नहीं है, फर्टिलिटी कम है, उनकी अलग बात है, लेकिन जहां फर्टिलिटी ठीक है, मर्द और औरत की बच्चे पैदा करने की क्षमता ठीक है, वे भी स्थिरता की बात करते हैं।

जहां जनसंख्या तूफान बन कर आ रही है और जमीन घटती जा रही हैं, वहां हम इसे अगर टाप प्राइयोरिटी नहीं देंगे, तो हम तमाम जो पेरिफिरल क्वैश्चन करते हैं, वे सब बेमानी हैं। हमें इस विषय पर डटे रहना है। ऐसा न हो कि कल हमें पानी और दूसरी चीजों की तरह सांस लेने के लिए भी लाइन में खड़ा होना पड़े। यह स्थिति पैदा न हो, इसलिए हमें आज इस विषय पर चर्चा करनी है।

मैं आपको बधाई देना चाहता हूं कि आपने यहां स्वर्गीय संजय गांधी का जिक्र किया। इसी कारण मैंने शुरू में ही कहा है कि आज 35 साल के बाद इस विषय पर चर्चा हो रही है। हम उस समय के और इस समय के इम्प्लिमेंटेशन में अंतर लाए हैं। हमें इसे समझना चाहिए और यह समझाना चाहिए। कभी-कभी यह होता है कि दूध का जला छाछ भी फूंक-फूंक कर पीता है। जब कभी हम परिवार नियोजन की बात करते हैं, तो लोग सोचते हैं कि कोई जबरदस्ती पकड़ तो नहीं लेगा। मैं एक बात सदन को बताना चाहता हूं कि इस सरकार ने और पिछली सरकारों ने भी, मैं पूरा क्रेडिट नहीं लेना चाहता, पिछली सरकारों ने भी यह निर्णय लिया कि हम कोई ऐसा सख्त कानून नहीं बनाएंगे, जिसकी वजह से कोई कोटा फिक्स किया जाएगा या जोर-जबरदस्ती होगी या आफिसर को कहा जाएगा कि इतने केस लाओ, वरना तुम्हारी तरक्की नहीं होगी, ऐसा कुछ नहीं होने वाला है।

**15.04 hrs.**

*(Shri P.C. Chacko in the Chair)*

हम चार-पांच चीजों द्वारा इस चीज को करना चाहते हैं। इसमें कोई कानून नहीं होगा, अलबत्ता आपने इन्सेंटिव की बात कही, वह बिलकुल वाजिब है। इसी कारण सदन में चर्चा हो रही है, क्योंकि दस साल पहले जो जनसंख्या पालिसी बनी थी, वह तो गई, क्योंकि उस पालिसी में हमें वर्ष 2010 तक टोटल फर्टिलिटी रेट 1.2 लानी थी, अब जहां बच्चे पैदा होते हैं, वहां हम 3-4 में ही हैं। हमें नई पापुलेशन पालिसी लानी ही होगी। पालिसी में क्या-क्या इन्सेंटिव्स, क्या-क्या डिसइन्सेंटिव्स, कहां कमियां रही हैं, कहां कमजोरियां रही हैं, कहां हम चूक रहे हैं, वे चीजें हमारे सामने नार्थ, वेस्ट, साउथ, ईस्ट से सदन में चर्चा करते समय आएंगी, तब जा कर हमारी मिनिस्टरी को एक अच्छी पालिसी बनाने में मदद मिलेगी।

अभी टार्गेट कोई नहीं दिया जाएगा, फोर्स इस्तेमाल नहीं की जाएगी बल्कि वालेंटरी तौर पर लोगों को तैयार करना होगा और इसके लिए अवेयरनेस और जानकारी की जरूरत है। तीसरी चीज फैमिली प्लानिंग से मुत्तालिक है, आज से 30-35 साल पहले वे साधन नहीं थे जो आज हैं। औरतों के लिए तो बिल्कुल ही नहीं थे और मर्दों के लिए थोड़े से साधन थे। कान्ट्रासेप्टिव नहीं थे, मर्दों के लिए सिर्फ कन्डोम थे और वे भी नहीं पहुंचते थे। लेकिन आज तकनीक ने इतनी प्रगति की है कि अब हमारी बहनों और बच्चों के लिए बहुत चीजें हैं। हमने इन साधनों को उन तक पहुंचाना है। विशेष रूप से उन राज्यों में जहां लोक संख्या ज्यादा बढ़ती है। हमें इसके कारण भी ढूंढने पड़ेंगे, कारण है - गरीबी, बेकारी, बैकवर्डनेस और जानकारी का न होना भी है।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** गरीबी एक कारण है। एक ही कमरे में 15-20 लोग रहते हैं, वे मनोरंजन कहां करेंगे?

**श्री गुलाम नबी आज़ाद :** मैंने शुरू में ही कहा है कि गरीबी सबसे बड़ा कारण है। मनोरंजन के भी साधन कुछ नहीं हैं। गरीबी, बेकारी और रोजगारी तमाम चीजें हैं। ये बेकारी और बेरोजगारी भी गरीबी से है, ये अमीर की बीमारी थोड़ी है। इससे आबादी बढ़ती जा रही है। एक चीज जो इससे जुड़ी है उसका संबंध गरीबी से तो है ही लेकिन सोशल कस्टम से ज्यादा है, वह है अर्ली मैरिज। अगर पूरे देश का एवरेज निकालें तो 35 प्रतिशत देहातों में 15-16 साल की बच्चियों की शादी होती है। मैं शहर की बात नहीं कहता लेकिन आपको आश्चर्य होगा कि केवल बिहार के गांवों में जितनी शादियां होती हैं, 70 प्रतिशत 18 साल से नीचे की उम्र में होती है जबकि सरकार ने 18 साल की उम्र निर्धारित की है। इसी तरह से उत्तर प्रदेश में 59 प्रतिशत 18 साल से कम उम्र की बच्चियों की शादी होती है। इन इलाकों में एवेरज तकरीबन 36 प्रतिशत लड़कियों के बच्चे 18-19 साल की उम्र से पहले होते हैं। हमने शादी के लिए 18 साल का कानून बनाया लेकिन इससे पहले शादी भी हो गई और बच्चे भी हो गए। इससे दो नुकसान होते हैं, इससे बच्चे का भी नुकसान होता है और मां का भी नुकसान होता है। आप रोज हमसे जवाब

मांगते हैं कि बाल मृत्यु दर कितनी है और माता मृत्यु दर कितनी है? हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि सबसे ज्यादा बाल और माता मृत्यु दर, इसी छोटे माता और इसी बच्चे की होती है।

जिसकी शादी 15, 16 या 17 साल में हुई हो और 16, 17 साल में उसका बच्चा पैदा हुआ हो। इसका मतलब है कि बच्चे के बच्चा पैदा हुआ है। जो खुद बच्ची है, उसे यह मालूम नहीं है कि मुझे अपने आपको कैसे संभालना है, उसे यह मालूम नहीं है कि मुझे बच्चे को कैसे संभालना है तो उसके कारण बच्चे की भी मृत्यु होती है और मां की भी मृत्यु होती है। तब जो हमारी माता मृत्यु दर, एमएमआर एंड आईएमआर है, यह भी कम नहीं होगा। जब तक हमारे समाज में चाइल्ड मैरिज की एक प्रथा बनी हुई है, इस चाइल्ड मैरिज का जब तक हम मुकाबला नहीं करेंगे तो मृत्यु दर भी कम नहीं होगी और पापुलेशन भी कम नहीं होगी। इसलिए हमारे आने वाले वक्त का जो सबसे बड़ा मुद्दा है, जिसमें हमें ऑनरेबल मैम्बर्स ऑफ पार्लियामैन्ट का कोऑपरेशन चाहिए कि यदि अगर हम डायरेक्टली काम करेंगे तो इनडायरेक्ट वाला फायदा पापुलेशन से होगा और यदि हम यह गांवों में कहेंगे कि यदि मृत्यु दर को कम करना है, मैटर्नल मोर्टेलिटी रेट को कम करना है, अगर बाल मृत्यु दर, इनफैन्ट मोर्टेलिटी रेट को कम करना है तो आप 18 साल के बाद शादी कीजिए तो उससे गांव के लोग समझ जायेंगे कि यह हमारे हित की बात है और उसका बाई प्रोडक्ट जो होगा, उससे अपने आप फैमिली प्लानिंग होगी और स्टेबिलाइजेशन होगा। इसमें कोई जबरदस्ती नहीं है। हम कानूनन भी ठीक कह रहे हैं और यह उसके स्वास्थ्य के लिए भी ठीक है। उसकी मां के लिए भी ठीक है, उसके बच्चे के लिए भी ठीक है।

सर, हम तीन-चार चीजें रिकमैंड करते हैं। यह मैं इसलिए बता रहा हूं ताकि इस पर ऑनरेबल मैम्बर्स ऑफ पार्लियामैन्ट अपनी-अपनी राय जितनी यहां दे सकते हैं, दे दें और जितनी नहीं दे सकते हैं, वे लिखकर हमारे मंत्रालय में मेरे नाम भेज दें, जो वे सोचते हैं। प्रथम जो शादी की उम्र 18 साल है, हम इसका प्रचार करें और इसे सुनिश्चित करें।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** बिल लाकर कर दीजिए, नहीं तो पत्रकारों से अपील कीजिए, ताकि यह छप जाए।

**श्री गुलाम नबी आज़ाद :** बिल से नहीं होगा, वह कानून तो बना हुआ है। वह कानून है, उसे इम्पलीमैन्ट करना है। मैं उस पर बाद में आ जाऊंगा।

**श्री मुलायम सिंह यादव :** मैं सहमत हूं।

**श्री गुलाम नबी आजाद :** कैसे करना है, मैं उस पर भी बाद में आऊंगा। दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि पहले और दूसरे बच्चे के बीच में तीन-चार साल का गैप हो। उससे मां का भी फायदा है और बच्चे का भी फायदा है। क्योंकि छोटे की परवरिश होगी और उसके बाद अगला चार साल के बाद होगा, इससे पापुलेशन कम होने में भी मदद मिलेगी।

तीसरी बात मैं कहना चाहता हूं कि जो बच्चियां अनपढ़ हैं, अभी मैं इन्हीं राज्यों की ज्यादा बात कर रहा हूं। यदि अगर हम बच्चों की, लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देंगे तो लड़कियां कम से कम 12वीं, 13वीं या 14वीं तक पढ़ेंगी तो 15, 16 या 18 साल की उम्र से ऊपर निकल जायेंगी। अभी क्या होता है, हमारे बिहार के अंदर कितनी लड़कियां 12वीं पास हैं, सिर्फ 15 प्रतिशत लड़कियां सैकेन्डरी पास हैं और उत्तर प्रदेश में सिर्फ 30 प्रतिशत हैं। अगर हमारी शिक्षा भी बढ़ जाए तो पहला अर्ली मैरिज के खिलाफ, दूसरा दो बच्चों के बीच में गैप और तीसरा लड़कियों की शिक्षा के बारे में अगर हम काम करें तो बहुत अच्छा रहेगा।

मेरे माननीय बुजुर्ग और मुझसे बहुत प्रेम करने वाले हमारे नेता जी ने सुझाव दिया है, हालांकि उसके लिए कानून है। लेकिन मेरा यह मानना है कि पार्लियामैन्ट और विधान सभा का इलैक्शन आता है। इस देश में कितने लोग कांग्रेस में हैं, बीजेपी में हैं,

बीएसपी हो, एस.पी. हो, सीपीआई हो , सीपीएम हो, डीएमके हो, एआईडीएमके हो लेकिन 100 प्रतिशत तो नहीं है। हमारे हमदर्द 40 प्रतिशत होंगे। मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि मैं पिछले 35 सालों से कांग्रेस पार्टी का देश कई राज्यों का जनरल सैक्रेटरी और इंचार्ज रहा हूं, यू.टी से लेकर बड़े राज्यों तक मेरा अनुभव है कि कोई भी पार्टी नेशनल लैवल या स्टेट लैवल पर अपने बलबूते से सरकार नहीं बना सकती है। यह उस पार्टी की क्षमता होगी या उसके वरकर्स पर निर्भर होगा या पार्टी की कनविंसिंग पावर की बात होगी जो उस फरूटिंग पापुलेशन को जो नॉन-पार्टी पापुलेशन है, जो नॉन अलाइंस पापुलेशन है, 50-60 प्रतिशत को कनविंस करे कि मेरा उम्मीदवार, मेरी पार्टी दूसरे उम्मीदवार और दूसरी पार्टी से बेहतर है। जो पार्टी या जो उम्मीदवार अपनी मेहनत के द्वारा, अपने भाषण के द्वारा, अपनी शक्ति, - पैसे की शक्ति नहीं - मसल पॉवर की शक्ति नहीं बल्कि जब अपनी कनविंसिंग पावर का इस्तेमाल करता है तो वह पार्टी बाज़ी मार जाती है और वह सत्ता में आ जाती है। हम एक पार्टी हैं और अगर हम एक महीने के प्रचार में अपोजीशन को सरकार में और सरकार को अपोजीशन में ला सकते हैं तो अगर सभी पार्टियों का लक्ष्य एक है तो क्यों नहीं पापुलेशन में स्टेबिलिटी ला सकते हैं? इसमें कोई पार्टी नहीं है, कोई रीजन नहीं है, कोई रिलीजन नहीं है, कोई ऊंच-नीच नहीं है तो 365 दिन में यह आईएमआर का एक पाइंट या दो पाइंट क्यों नहीं कर सकते हैं? मेरा मतलब यह है कि कहीं न कहीं हमारी विल में कमी है, हमारी जो मेहनत है, उसमें कमी है, हमारी सोच में कमी है या हमारे इरादों में कमी है, इसलिये हम लक्ष्य नहीं पा सकते हैं।

सभापति जी, मैं सदन में माननीय सदस्यों से निवेदन करने आया हूं कि आज हम एक निश्चय कर लें कि हम सब इस मामले में एक हैं। कोई लैफ्ट -राईट सैंटर नहीं है, कोई नार्थ-साऊथ या ईस्ट-वैस्ट नहीं है। हमने वर्ष 2045 के लिये लक्ष्य रखा था कि हम पापुलेशन को स्टेबल करेंगे लेकिन जब हम वर्ष 2010 में रिव्यु करते हैं तो ऐसा लग रहा है कि उपलब्धि 2020 तक भी नहीं होगी। मैंने तीन-चार बातें कहीं हैं। एक तो यह है कि बाल

विवाह बंद कर दें जो प्रोडक्टिव स्टेज में है। पापुलेशन स्टेबल करने में उसका फायदा आज नहीं 20 साल के बाद होगा। जो शादी के लिये तैयार लड़के-लड़कियां हैं, अगर हम उनके लिये प्लानिंग करेंगे, उसका फायदा अभी होगा। अगर हम 10-20 साल जल्दी शादी नहीं करेंगे, उनके बीच में स्पेस देंगे, उन की फैमिली प्लानिंग के जितने साधन हैं, चाहे वे मर्दों या औरतों के लिये हैं , हम उन्हें उपलब्ध करायेंगे। आपके लिये खुशी की बात होगी कि फैमिली प्लानिंग से जुड़े हुये साधन उन मर्दों के लिये विशेष रूप से हैं जो हम राज्य सरकारों को भेजते हैं। हमारी मिनिस्ट्री की खुद की फैक्ट्रियां हैं। जब राज्य सरकारों को भेजते हैं तो 50 प्रतिशत स्टोर में पड़े रहते हैं और 50 प्रतिशत डिस्ट्रिक्ट में पड़े रहते हैं।

अब हमने निर्णय किया है कि इस साल से हम 100 डिस्ट्रिक ले लेंगे, जिनमें हम ब्लाक लेवल, प्राइमरी हैल्थ सेंटर लेवल, सब सेंटर तक और आशा के द्वारा गांव तक उसे पहुंचायें ताकि घर-घर तक मर्द और औरत तक जो फैमिली प्लानिंग के साधन है, वे मिल सकें। जिसमें कोई ताकत नहीं लगती है, कोई जोर-जबरदस्ती नहीं लगती है, उसे इस्तेमाल करें। उसके लिए भी आपको प्रचार करना होगा। मैं हिन्दुस्तान के हर गांव में नहीं जा सकता, मैं हर खेड़े में नहीं जा सकता। हमारे मेंबर ऑफ पार्लियामेंट्स को उन पर चर्चा करनी होगी। मेरा आपसे निवेदन है कि सिर्फ दो लोग परिवर्तन ला सकते हैं, कायापलट कर सकते हैं। लोकतंत्र में इलेक्शन लड़ने वाले और दूसरे हमारे जो ऊपर बैठते हैं, मीडिया वाले और मीडिया में भी प्रिंट मीडिया से ज्यादा इलैक्ट्रानिक मीडिया वालों का सबसे बड़ा रोल है। उनका रोल हमसे भी ज्यादा है। यहां सदन के बाद मैं चाहूंगा कि आप सब मेरे साथ सहयोग देंगे। हम विधान सभाओं के एमएलऐज़ के साथ बात करें, हम जिला परिषद के प्रतिनिधियों के साथ बात करें और उन्हें बतायें कि क्या खतरे हैं, क्या खदशात हैं, कहां कमियां हैं और उन्हें दूर करें। मेरी इस शेर के साथ बड़े अदब के साथ इलैक्ट्रानिक मीडिया से अपील है। मुझे टेलीविजन देखने का बहुत कम समय मिलता है, लेकिन जब भी देखता हूं, या तो किसी हीरो की शादी हो रही होती है या किसी हीरोइन की शादी हो रही होती है। सभी चैनलों पर हो रही होती है।...(व्यवधान) या किसी खिलाड़ी की शादी हो रही होती है। उनका हनीमून कैसा होगा, वह भी इन्हें ही कवर करना है। कृपया, इन्हें मॉफी दे दीजिये। अभी राहुल महाजन कितनी लड़कियों के साथ शादी करेगा, कैसे करेगा, वह भी इन्हें ही दिखाना है। अगर यह आप दिखाओगे तो वह क्या करेगा।...(व्यवधान) मेरा उनसे निवेदन है। फैज़ अहमद फैज़ उर्दू के मशहूर शायर हैं। मैंने स्टूडेंट लाइफ में उनका एक शेर सुना और उस शेर से मेरी जिन्दगी में परिवर्तन आया। वह परिवर्तन यह था कि इस दुनिया में ऐशोआराम ही नहीं है, इश्क और माशूक ही नहीं है, इस दुनिया में उससे भी कई जरूरी चीजें हैं। ऍनजायमेंट ही सब चीज नहीं है। आज इस देश में हजारों, लाखों सड़कें बनती हैं, हजारों, लाखों पुल बनते हैं, एक-दो खराब हो गये, लेकिन लाखों ठीक भी बनते हैं, हजारों, लाखों अस्पताल और स्कूल बनते हैं, विश्वविद्यालय बनते हैं। मुझे माफ कीजिये, वह कहीं दिखाई नहीं देता है। हां, अगर कहीं कोई बिल्डिंग या स्कूल गिर गया तो फिर चौबीस घंटे क्या, वह एक हफ्ते तक दिखेगा।

जो बन गयी है या बन रही है, वह दिखाई नहीं देती है। मैं बड़े अदब के साथ, बड़े प्रेम और प्यार के साथ एक शेर, वह जो चौथा स्तंभ है, जो डैमोक्रेसी की ज्यूडिशियरी, पार्लियामेंटेरियन और फोर्थ स्टेट, जो चौथी टांग है, क्योंकि तीन टांगों पर कोई बिल्डिंग खड़ी नहीं रहती है, चौथी टांग मीडिया है। मैं उनसे भी कहूंगा इस देश को बनाने में डैमोक्रेसी ने आपको हिस्सा दिया है। यह शेर उनके लिए हैं। और भी गम हैं जमाने में मुहब्बत के सिवा, ये जो आप फिल्में आदि दिखाते हैं, ये तो एक चीज है। और भी गम हैं जमाने में मुहब्बत के सिवा, राहतें और भी हैं वस्ल की राहत के सिवा, और भी हैं गम जमाने में मुहब्बत के सिवा, राहतें और भी हैं, राहतें मतलब सैटिस्फैक्शन, जिस चीज से आपको सैटिस्फैक्शन हो, प्यार से हो, खेलकूद से हो, खिलाड़ी से हो, राहतें और भी हैं, वस्ल की राहत के सिवा, प्रेम और प्यार के अलावा भी कई चीजें हैं, जिससे आपको सैटिस्फैक्शन हो सकता है। अगर आप समाज के लिए, देश के लिए भी कुछ काम करेंगे तो वह सैटिस्फैक्शन आपको हो सकता है।

उसमें आपको ज्यादा सेटिसफेक्शन होगी, पैसा कम होगा, लेकिन सेटिसफेक्शन ज्यादा होगी।

सभापति महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं तमाम पार्लियामेंटेरियंस और तमाम मीडिया से अपील करूंगा कि इस कार्यक्रम को देश के हित के लिए चलाने में हमारी मदद मदद करें। यदि पार्लियामेंटेरियंस और मीडिया एक हो जाए तो मुझे कोई संदेह नहीं है, हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। टाइम की सीमा में पापुलेशन को मत बांधिए, जितनी भी बहस होगी, हम उसे नोट करेंगे। मैंने बहुत ज्यादा इसलिए बोला ताकि आपको इसी में से बहुत सारा मेटिरियल मिल जाए, क्योंकि बहुत से एमपीस ये चाहते थे। उसका विश्लेषण मैंने जुबानी किया, जो उसमें लिखा है, इसलिए इसी से आपको बहुत सारा मेटिरियल मिल जाएगा। आप अगर अपने सुझाव हमें बताएंगे तो वे सुझाव हमारी आने वाली पॉलिसी बनाने में सहायता करेंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : Motion moved:

> "That this House do consider the issues of Population Stabilization in the Country."

Now we start the discussion on this. We have got 20 speakers to speak and four hours have been allotted. I request all the hon. Members to confine their speeches within five to ten minutes.

Shrimati Sumitra Mahajan.

**श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर):** सभापति महोदय, आज कम से कम बहुत दिनों बाद मुझे एक बात अच्छी लगी, विषय तो डिसकशन के लिए अच्छा है ही, लेकिन एक समय ऐसा था, उस समय हमारे स्वास्थ्य मंत्री जी का एक स्टेटमेंट कहीं पेपर में आया था, कुछ टी.वी. देखते रहो, ज्यादा से ज्यादा टी.वी. देखो, पापुलेशन कंट्रोल हो जाएगा। तब मेरी जैसी महिला का मन धक करके रह गया, कि ये कैसे स्वास्थ्य मंत्री
मिले हैं, ये क्या कर सकेंगे, क्या बोल रहे हैं। टी.वी. तो ये भी देखते हैं, आज जैसे थोड़ा-थोड़ा बताया, क्या टी.वी. देखने से आकांक्षाएं, इच्छाएं कम होंगी या उभरेंगी। मगर आज जिस तरीके से आपने गंभीरता से बात रखी है और जो इच्छा प्रकट की है, यह वास्तविकता है और ऐसा लगा कि आपने भी कुछ सही दिशा में सोचना प्रारम्भ किया है, इसके लिए भी मैं आपको धन्यवाद दूंगी।

सभापति महोदय, वास्तव में यह एक बहुत चिन्ता और चिन्तन का भी विषय है। यह बात सही है कि 1951 से हम इस विषय पर अलग-अलग तरीके से सोच रहे हैं। पहले 40 साल तक हम इसे फैमिली प्लानिंग करके टारगेट बेस सोचते रहे और फिर एक परिवर्तन आया। अभी जो इमर्जेंसी का उल्लेख हुआ, वह भी था, कई प्रकार की बातें चलती थीं। उसके बाद एक परिवर्तन आया और 1990 से 2000 तक हमने एक मंथन किया कि इसकी कोई एक नेशनल पॉलिसी होनी चाहिए, राष्ट्रीय जनसंख्या नीति होनी चाहिए। सन् 2000 में हमने पॉलिसी भी बनाई और उस पॉलिसी के अंतर्गत काम करना भी प्रारम्भ हुआ। जैसा कि आपने कहा, यह बात सही है कि कुछ प्रदेश ऐसे हैं, जो उसमें सहयोग करें, लेकिन कुछ प्रदेशों की अपनी कुछ समस्याएं हैं। सन् 2045 तक स्थिरीकरण होना है और यह बात भी सही है कि यह स्थिरीकरण होगा या नहीं होगा, यह कहीं न कहीं हमारे मन में प्रश्न है। आपने जो बात कही, वह बात भी सही है कि इन सब के कारण क्या हैं। आपने जो बातें कहीं, उसी आधार पर मैं बात करूंगी कि आज जो समस्या है, यह क्यों नहीं हो पा रहा है। आपने जिन प्रदेशों का उल्लेख किया, उन प्रदेशों में आखिर बात क्या है? अगर हम सोचें, देखें, मैं पहले उस आधार पर एक बात करूंगी। आपने कॉंट्रासेप्टिव की बात कही, गांव-गांव में पहुंचना चाहिए। मगर मुझे ऐसा लगता है, development is the best contraceptive.

सभापति महोदय, जिन प्रदेशों की हम बात कर रहे हैं, आपने ठीक कहा कि कुछ प्रदेश ऐसे हैं, मेरे पास भी आंकड़े हैं, जहां 18 साल से कम उम्र की लड़कियों की शादी हो जाती है। शिक्षा की कमी है। आपने जैसा कहा कि 18 साल में शादी की उम्र सुनश्चित करें। मगर उससे पहले यह भी सोचना पड़ेगा कि कहीं न कहीं जो गरीब तबका है, ...(व्यवधान) आप ठीक कह रहे हैं कि कानून है, लेकिन इसके इम्पलीमेंटेशन की आवश्यकता है।

**श्री गुलाम नबी आजाद :** कानून है। यह आलरेडी है।

**श्रीमती सुमित्रा महाजन:** मैं भी जानती हूं कि ऐसा कानून है। मैंने भी एल.एल.बी. किया है। जो हम लोग यहां बैठे हैं, जब सामूहिक शादियों में जाते हैं, तो यह देखते हैं। मेरे जैसी महिला तो घूंघट उठा-उठा कर देखती है और

कहती है कि - देख यदि छोटी लड़की की शादी करेगी, तो मैं शादी में नहीं आऊंगी। बड़ी लड़की की शादी होनी चाहिए। यह हमारे जैसे लोग करते हैं, भले ही लोग नाराज हो जाएं। कानून तो मुझे भी मालूम है और उस गांव में बैठे हुए व्यक्ति को भी मालूम है। मुझे माफ करना, लेकिन उसका पालन बहुत कम होता है। मैं इन बातों की चर्चा घर के अंदर जाकर गृहिणी तक से करती हूं।

आपने कहा कि 18 साल से कम उम्र की लड़की की शादी नहीं होनी चाहिए, बिलकुल सही बात है, लेकिन आज गांवों में क्या वातावरण है। शिक्षा देना चाहिए। हमने उसका बिल भी पारित किया, लेकिन मुझे माफ करना, आज जो परिस्थिति है, उसमें गांव-गांव तक असुरक्षा का वातावरण बना हुआ है और यह वातावरण केवल गांवों में ही नहीं है, बल्कि शहरों में भी हो गया है। लड़कियों वाली कई माताओं से जब मेरी चर्चा होती है, तो मुझे पता चलता है कि शहरों में भी माताएं सोचने लगी हैं कि यदि 20 साल की लड़की उम्र हो गई है, तो उसकी शादी कर के उसके ससुराल पहुंचा दूं, तो मेरी जिम्मेदारी पूरी हो जाएगी। गांवों में तो इससे और ज्यादा खराब बात यह है कि गरीबी के कारण खाने को ही नहीं है। माल न्यूट्रीशन, जो आपने कहा, वह इतना है कि ...(व्यवधान)

**श्री शरद यादव :** सुमित्रा जी, एक मिनट के लिए मुझे बोलने दीजिए।

**श्रीमती सुमित्रा महाजन :** यादव जी, या तो मेरी ओर से आप ही भाषण दे दें, मैं बैठ जाती हूं। चूंकि मेरा समय सीमित है, इसलिए मैं अपने पाइंट ही इतने कम समय में रखने में कठिनाई अनुभव कर रही हूं। इसलिए पहले मुझे अपनी बात कह लेने दीजिए।

MR. CHAIRMAN : Are you yielding ?

**श्रीमती सुमित्रा महाजन :** जी नहीं। मेरे इतने मुद्दे हैं और 10 मिनट में सभी बोलने हैं।

MR. CHAIRMAN : She is not yielding. सुमित्रा जी, आप अपना भाषण कंटीन्यू कीजिए।

**श्रीमती सुमित्रा महाजन :** सभापति जी, बोलने में थोड़ी मैं भी गड़बड़ कर रही हूं, क्योंकि मैं सोच रही हूं कि 10 मिनिट में मैं क्या बोलूं।

मैं यह कह रही थी कि जब हम अशिक्षा की बात करते हैं, तो आज स्थिति यह है कि गांवों में इच्छा होते हुए भी हमारी लड़की स्कूल में नहीं जा सकती। हम मध्य प्रदेश और अन्य अनेक प्रदेशों में लड़कियों को साइकिल देने की योजनाएं बना रहे हैं, लेकिन जैसा मैंने पहले कहा, असुरक्षा का वातावरण है। इसलिए मां-बाप अपनी लड़की को यदि तीन किलोमीटर से थोड़ा सा ज्यादा दूर स्कूल है, तो भी वे उन्हें स्कूल नहीं भेजते, क्योंकि सुरक्षित वातावरण नहीं है। इसलिए हमें सबसे पहले शहर और गांवों में सुरक्षित वातावरण बनाना चाहिए। मंत्री जी

ने जो पहली बात कही कि यह स्वास्थ्य मंत्रालय का काम नहीं है। मैं उनकी इस बात से बिलकुल सहमत हूं। इसलिए मैं यह बात उठा रही हूं, क्योंकि कहने में सब आसान होता है।

पहली बात तो यह है कि हम गांव-गांव में स्कूल नहीं दे पा रहे हैं। कितनी भी कोशिश करें, लेकिन हर गांव में स्कूल नहीं दे पा रहे हैं। हम पूरी कोशिश कर रहे हैं। आपने देखा होगा कि मध्य प्रदेश में 10वीं तक पढ़ी लड़कियों की संख्या 72 परसेंट से ज्यादा है। स्कूल नहीं हैं, ऐसा भी मैं नहीं कह रही हूं। स्कूल हैं, लेकिन 10वीं से आगे स्कूल ही नहीं हैं और यदि हैं, तो वे इतनी दूर हैं कि वहां माता-पिता भेज नहीं सकते हैं, क्योंकि उस स्कूल में लड़कियों के लिए जो आवश्यक मूलभूत सुविधाएं हैं, वे उपलब्ध नहीं हैं। अब हमने देना शुरू किया है जैसे बाथरूम वगैरह। शिक्षा की व्यवस्था नहीं है, यह पहली बात है। कहीं न कहीं असुरक्षा का वातावरण भी है और गरीबी उससे आगे का कारण है। गरीब की सोच बदलना भी एक आवश्यक कारण है। आपने जैसा कहा, मैं एक बात कहना चाहूंगी कि शिशु मृत्यु दर भी इसमें कहीं न कहीं एक कारण है, क्योंकि बच्चे पैदा तो हो जाते हैं, लेकिन उसमें से बचते कम हैं। पैदा तो आठ हो गए, लेकिन उनमें से जिन्दा तो चार ही हैं। उनमें बच्चों की कमी का एक भाव होता है। इसलिए वे बच्चे पैदा करते ही चले जाते हैं और जो चार हैं, वे कहीं न कहीं माल-न्यूट्रीशन से ग्रस्त हैं।

महोदय, लड़की के बारे में हमारी जो सोच है, वह भी कहीं न कहीं बदलनी पड़ेगी। केवल शिक्षा से काम नहीं चलेगा। लड़की के लिए जो न्यूट्रीशन है, वह ठीक नहीं है। इसके लिए पूरे परिवार की सोच बदलनी आवश्यक है।

कि यह केवल मेरी बेटी नहीं है, यह कल की मां है, कल की जननी है, यह कल किसी को जन्म देने वाली है और इसलिए उसकी हैल्थ, उसका स्वास्थ्य, यह सबसे जरूरी है, नहीं तो अक्षम या अस्वस्थ लड़की स्वस्थ लड़के या लड़की पैदा ही नहीं कर सकती, यह भाव आना चाहिए। मगर हम क्या दे रहे हैं, स्वास्थ्य मंत्रालय हो या अन्य मंत्रालय हों, माफ करना, मध्यान्ह भोजन-दो रुपये प्रति लड़का-लड़की, तीन रुपये प्रति लड़का-लड़की, यह आंगनबाड़ियों में है।

आपने कहा आंगनबाड़ी के जरिये एक जागरुकता पैदा करने की कोशिश हो गई थी, अच्छी योजना थी, मगर अच्छी योजनाओं को न जाने सरकार के दरबार में क्या हो जाता है। आज देश में जो आंगनबाड़ी हैं या आंगनबाड़ी वर्कर्स हैं, उनकी क्या स्थिति है, वहां पर क्या-क्या हो रहा है? वहां पर यह अपेक्षित था कि वे इन बातों की तरफ देखें, बच्चों के हैल्थ की तरफ देखें, गर्भवती माताओं को भी थोड़ा-बहुत देखें। वे उनके लिए काम कर रही हैं। बिहार हो, उत्तर प्रदेश हो या मध्य प्रदेश हो, ये स्टेट अपने तंई काम कर रहे हैं, लेकिन काम बहुत बड़ा है, इस बात पर थोड़ा सा सोचना पड़ेगा, ऐसा मुझे लगता है।

उसके बाद यह बात भी सही है कि अन्तर ज्यादा होना चाहिए। लेकिन अन्तर ज्यादा होना चाहिए, यह केवल कहने से नहीं चलेगा, अवेयरनैस होनी चाहिए, उन तक बात पहुंचनी चाहिए, पहुंचानी चाहिए। यह भी कहीं न कहीं आवश्यक है और यह सब क्यों होता है, यह भी हमारी जो सोच है, हमारी एक ट्रेडीशनल थिंकिंग है, वह भी एक वजह है। सबसे पहली बात तो यह है कि लड़का होना ही चाहिए, यह ट्रेडीशनल थिंकिंग है। यह ठीक है कि एकाध उदाहरण है कि कोई लड़की पर रुक गया, लेकिन लड़का होना ही चाहिए, इसलिए बच्चे होते जाते हैं, इस पर रोक नहीं लगती। यह ट्रेडीशनल थिंकिंग है, यह बदलनी बहुत आवश्यक है। मगर यह बदलने से क्या होगा, इसमें केवल महिलाओं को भी प्रशिक्षित करके नहीं चलेगा। मेरी मान्यता है कि महिलाओं की शिक्षा बहुत आवश्यक है, महिलाओं की सुरक्षा बहुत आवश्यक है। जब मैं महिला कह रही हूं तो उसका मतलब लड़की है, उसकी सुरक्षा बहुत आवश्यक है। उसमें जागृति बहुत आवश्यक है, मगर कहीं न कहीं साथ-साथ, क्योंकि आपने भी देखा होगा कि पुरुष ज्यादा से ज्यादा एक प्रतिशत ऑपरेशन कराते हैं, 96 प्रतिशत महिलाओं के ऑपरेशन होते हैं। इसको भी कहीं न कहीं बदलना आवश्यक है। यह सोच बदलनी आवश्यक है तो कहीं न कहीं पुरुष का भी प्रबोधन होना चाहिए। मुझे लगता है कि हमेशा हम इस बात पर ध्यान देते हैं कि महिला का प्रबोधन हो, लेकिन पुरुष का प्रबोधन भी आवश्यक है।

मैं आपको एक छोटी सी बात बताऊं, एक बार मैं एक कार्यक्रम में गई थी, वह संस्थान माता-बालक प्रतिष्ठान था। माता-बालक प्रतिष्ठान में सब कार्यक्रम अच्छा हो गया, उसमें ज्यादातर ग्रामीण महिलाएं थीं और अवेयरनैस कार्यक्रम हुआ, सब कुछ हुआ, उनसे चर्चा हो गई। मेरे मन में कौतूहल हो गया और मैंने उनमें से एक महिला को पूछा कि यह माता-बालक प्रतिष्ठान क्या है, इसमें पिता कहां है? आप समझदार हो गईं, आपका बच्चा भी समझदार हो गया, लेकिन क्या पिता को नहीं होना चाहिए, आप पिता को अपने आपमें नहीं समा सकते हो, इसमें पिता क्यों नहीं आया है? उस ग्रामीण महिला ने वास्तव में बोलते-बोलते मजाक में उत्तर दिया, लेकिन वह सोचने लायक बात थी, उसने कहा कि वह पिता पीते-पीते न जाने कहां चला गया, हमें नहीं मालूम। यह बात है, क्योंकि मैंने कहा, पिता है तो बोली कि वह पीता ही है। वह पीते-पीते कहां चला गया, पता नहीं। अब यह ग्रामीण क्षेत्र की महिला थी, वास्तव में अनपढ़ महिला थी, मगर उसने जब यह उत्तर दिया, तब मेरे मन में प्रश्न आया कि कहीं न कहीं पुरुषों का प्रबोधन भी आवश्यक है। आप इसको भी प्रोग्राम में शामिल कीजिएगा, केवल माताओं या लड़कियों को प्रशिक्षण या उनमें अवेयरनैस लाने से काम नहीं चलेगा। जो कुटुम्ब बनता है, जो फैमिली बनती है, यह दोनों से बनती है, किसी एक से नहीं बनती है और इसलिए इस बात को भी हम थोड़ा सा सोचें।

आपकी यह बात भी ठीक है कि इसका एक कारण गरीबी है। गरीबी तो एक कारण है ही, लेकिन गरीबी के साथ-साथ जो प्रसव पूर्व निदान होता है, जैसा मैंने कहा, लड़का चाहिए, लड़की नहीं चाहिए, अब इसका भी कानून बना है, मगर उस पर अमल कितना हो रहा है? इस पर भी हमें थोड़ा ध्यान देना होगा। ...(व्यवधान)

अब मैं केवल सुझाव दे दूंगी, मुझे मालूम है कि मैं दस मिनट ले चुकी हूं। आपने यह बात ठीक कही कि यह केवल एक स्वास्थ्य मंत्रालय की बात नहीं है। बहुत सारे प्रदेशों में बहुत सारी अच्छी योजनाएं चल रही हैं। हमारा जो नेशनल कमीशन है, इस पर कहीं न कहीं पार्टी से ऊपर उठकर हमें सोचना होगा। उसमें भी ज्यादातर मैं युवाओं के बारे में कहूंगी, क्योंकि जो आंकड़े आपने बताए हैं, अगर उनके अनुसार हम देखें तो वर्ष 2016 तक 15 वर्ष से नीचे आयु के बच्चों की संख्या घटने वाली है, जो 35 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत होने वाली है, लेकिन 15 वर्ष से 59 वर्ष के बीच की जो जनसंख्या है, जो आज 58 प्रतिशत है, वह बढ़कर 64 प्रतिशत होने वाली है। वही आगे चलकर बच्चे पैदा करने वाले हैं, मगर उनको केवल बच्चे पैदा करने वाले मत समझिए, वे अपने हिंदुस्तान के लिए सोचने वाले भी हैं। उनके मन में यह भाव आना चाहिए कि it is a question of survival of the nation. उनकी जब तक हम सहभागिता सुनिश्चित नहीं करेंगे, अवेयरनेस प्रोग्राम कहिए या बातचीत कहिए, जब तक उनके साथ हम नहीं करेंगे, तब तक हम कुछ नहीं कर पाएंगे। इस बात को ध्यान में रखना होगा।

दूसरी जो पापुलेशन बढ़ने वाली है, वह 60 साल से अधिक उम्र वालों की है, जो सात प्रतिशत से नौ प्रतिशत होने वाली है। कई बार यह भी होता है, जैसा मैंने पहले कहा कि असुरक्षा की भावना केवल लड़की के मन में ही नहीं रहती है, माता-पिता के मन भी रहती है कि कौन देखेगा, कौन पालेगा, कौन क्या करेगा? आपने कहा कि एक लड़की बस या लड़की दो भी हो जाए, तो बस। मेरे मन में एक बात आयी जिस पर आप विचार कर सकते हैं। जैसे कुछ इंश्योरेंस एजेंसीज सीनियर सिटीजन्स के लिए काम करती हैं, इसमें रिवर्स मार्टगेज एक योजना है, आप इसका अभ्यास करें, मैं यही नहीं कहूंगी, लेकिन सोशलाइजेशन आफ इंश्योरेंस सेक्टर हो। जिसके कारण असुरक्षा की भावना होती है, उसे हम कैसे दूर करें कि दो लड़के तो होने ही चाहिए या इससे ज्यादा होने चाहिए और हमें कौन देखेगा?

यह केवल स्वास्थ्य मंत्रालय की बात नहीं है, जितने भी अलग-अलग मंत्रालय हैं, जो सामाजिक मंत्रालय हैं, चाहे सोशल जस्टिस हो, मानव संसाधन मंत्रालय हो या और भी दूसरे मंत्रालयों की एक ग्रुप आफ मिनिस्टर्स का समूह बनाना चाहिए। मानव विकास की योजना और उसके साथ-साथ जो अनेक योजनाएं चलती हैं, इन योजनाओं का लाभ, जैसे अभी माननीय शरद जी बिल्कुल ठीक कह रहे थे कि जिनके बच्चे कम हैं, उनको ज्यादा लाभ मिले या ज्यादा बच्चे हों तो उनके थोड़े से लाभ में कमी कैसे हो सकती है, यह भाव भी रहे, लेकिन उनको

बिल्कुल लाभ नहीं देना, मैं यह बात नहीं कहूंगी। हमें उनको लाभ देना है। सबको इस प्रकार से सोचना आवश्यक है। जैसा कि मैंने कहा कि पार्टीवाद से ऊपर उठकर इस पर विचार करें। ऐसे कई धार्मिक नेता हैं, आपने भी प्रचार माध्यमों की बात कही, इसके साथ ही हमारी अपनी जो संस्कृति है, क्योंकि कई बार हमारे संत महात्मा भी बहुत अच्छी बात कह जाते हैं, लेकिन हम उनकी तरफ ध्यान नहीं देते हैं। हमारे यहां एक संत ने कहा था - लेकुरे उदण्ड झाली, तोते लक्ष्मी निगोनिगली। एक छोटी सी बात है कि अगर बच्चे ज्यादा हों, तो लक्ष्मी चली जाती है, यह उन्होंने कहा। एक बात यह भी होती है कि केवल बच्चे कम कैसे हों या लोकसंख्या स्थिर कैसे हो, हमें यही नहीं देखना है, बल्कि जो हमारी लोकसंख्या है, हम उस आंकड़े से डरें भी नहीं। इस संबंध में एक पोजीटिव थिंकिंग भी आवश्यक है।

जो यंग पौपुलेशन है, आने वाला हिन्दुस्तान यंग पौपुलेशन का है, अगर हमारी योजनाएं ठीक नहीं चलीं या ठीक तरह से नहीं चलवाई गईं तो यह हमारा ह्यूज एसैट बन सकता है या डेंजरस लॉयबिलिटी भी बन सकता है। यह विकास का सहायक बन सकता है, विनाश का कारण भी बन सकता है। यह सशक्त संख्या भी बन सकती है। लेकिन अगर हमारी योजनाएं गरीब तक नहीं पहुंची तो यह हमारे लिए अधमरी विपदा भी बन सकती है। इसलिए मैं चाहूंगी कि सब मंत्रालय मिलकर, साथ ही हमारी संस्कृति, हमारे वेदों में लिखा हुआ है कि किस प्रकार संतति का निर्माण हो। हम उसका भी अभ्यास करें। अनेक शास्त्रों में कुछ-कुछ होगा। अगर हम कहीं न कहीं इन सबका सहयोग लेते हुए काम करने की सोचें तो कुछ हो सकता है। आपने बिल्कुल ठीक कहा कि बंद कमरे से बाहर आकर, खुले दिमाग से पार्टियों को अलग रखते हुए, युवाओं का साथ लेकर, धार्मिक नेताओं का साथ लेकर अगर सोचें तो कुछ हो सकता है। मैं उदाहरण के लिए बताना चाहती हूं। अभी मिलेनियम डैवलपमैंट गोल की बात हो रही है, उसी में एक बात यह भी है। युनाइटेड नेशन्स का डैवलपमैंटल ग्रुप है। उन्होंने पौपुलेशन स्थिर करने के लिए दो सौ बैस्ट प्रैक्टिसेज़ निकालीं। हिन्दुस्तान के लिए चौंकाने वाली बात है कि उसमें हिन्दुस्तान की केवल चार प्रैक्टिसेज़ दर्ज हुईं। मेरे लिए गौरव की बात है कि उन चार प्रैक्टिसेज़ में से दो प्रैक्टिस गुजरात सरकार की है, जिसे हम कोसते हैं। उसमें उनकी एक इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी है। उसे हम भी महत्व दे रहे हैं, सब प्रदेश महत्व दे रहे हैं। जननी सुरक्षा योजना भी बनाई गई है। मध्य प्रदेश भी कर रहा है। मगर उनकी इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी की कल्पना है, आपके इसमें भी इसका उल्लेख है कि प्राइवेट मेटरनिटी होम्स का सहयोग लेना। वहां वे 50 हजार की इम्प्रैस्ट मनी रखते हैं। उसमें कहते हैं कि आदिवासी हो, गरीब परिवार की हो, नीचे की जाति जैसे दलित आदि हो, अगर वह डिलीवरी के लिए आए तो आपको एडमिट करना है। कई बार समस्या आती है कि अस्पताल नहीं है, प्राइवेट वाले देखते नहीं हैं, सरकारी कुछ नहीं है। हमारी कई संस्थाएं हैं, लेकिन वे मौजूद नहीं हैं तो वे कहां जाएं। उसके लिए यह व्यवस्था की गई है। ये वर्ल्ड की चार बैस्ट प्रैक्टिसेज़ में आई हैं। इसलिए मैंने कहा कि यदि हम पार्टी पोलीटिक्स को छोड़कर विचार करेंगे और सब मंत्रालय मिलकर विचार करेंगे, तो जनसंख्या हमारे लिए एसैट

बन सकती है, अच्छा कारण बन सकती है। लेकिन गरीब की सोच गरीबी के साथ बदलनी पड़ेगी। गरीबी में भी कहीं न कहीं परिवर्तन लाना होगा। इसलिए development is the best contraceptive, हम यह बात ध्यान में रखें।

**श्री शरद यादव :** मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आपने बहुत महत्वपूर्ण चर्चा छेड़ी है। लेकिन इस समय आप टीवी पर सीरियल देखिए। अभी श्रीमती महाजन चाइल्ड मैरिज के बारे में बोल रही थीं। टीवी में दो सीरियल - लाडो और बालिका वधु चल रहे हैं। हमारे पास शारदा एक्ट है। शारदा एक्ट के होते हुए इस देश में ऐसे सीरियल मानसिक बीमारी हैं। जैसे श्रीमती महाजन ने कहा, मैं कहना चाहता हूं कि आबादी बढ़ाने में चाइल्ड मैरिज भी बहुत बड़ा कारण है।

दूसरा, लाडो सीरियल में बच्चियों को पैदा होते ही मार दिया जाता है। उस सीरियल की सबसे ज्यादा टीआरपी है। आप इस पर भी ध्यान दीजिए। आईबी मिनिस्ट्री, जिसमें आप खुद रहे हैं, उनसे बात करके आप ऐसे सीरियलों को रोक सकते हैं।

**श्री नवीन जिन्दल (कुरुक्षेत्र):** महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे देश में जनसंख्या स्थिरीकरण मुद्दे पर बोलने का अवसर दिया है। मेरे विचार में देश के अंदर तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या एक गंभीर और ज्वलंत मुद्दा है। मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री गुलाम नबी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने स्वयं ही सदन के सामने प्रस्ताव पेश करके इस गंभीर और महत्वूपर्ण विषय पर चर्चा का अवसर प्रदान किया है। यह चर्चा 33 साल बाद सदन में हो रही है, इसलिए भी मैं माननीय मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। सदन में आज ही महंगाई जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा समाप्त हुई है। इस चर्चा के दौरान भी कुछ माननीय सदस्यों ने महंगाई के विभिन्न कारणों में से एक प्रमुख कारण जनसंख्या वृद्धि को माना है। मैं भी इस विचार से पूरी तरह सहमत हूं कि जनसंख्या वृद्धि का सीधा-सीधा असर हमारे सीमित साधनों पर पड़ता है, जिससे महंगाई बढ़ती है। देश में जनसंख्या स्थिरिकरण आज समय की मांग है। इस विषय में कामयाबी हासिल किए बिना देश की प्रगति व विकास अधूरा है। इस विषय में मेरी गहरी रुचि है और पिछले कुछ वर्षों से मैं इसका गहराई से अध्ययन कर रहा हूं। मैंने इस विषय पर बहुत से विशेषज्ञों, बुद्धिजीवियों, विभिन्न दलों के माननीय सांसदों तथा अपने क्षेत्र कुरुक्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों से चर्चा की है। इसी अनुभव के आधार पर मेरी जो धारणा बनी है, उसको आपके माध्यम से माननीय सदन के सामने रखना चाहूंगा। आज हमारे देश की जनसंख्या लगभग 120 करोड़ हो गई है और यह तेजी से बढ़ती जा रही है। अब तक के प्रयासों के परिणामस्वरूप जनसंख्या विकास दर जो कि 1981-91 के दशक में 2.14 प्रतिशत थी, वह घटकर 1.4 प्रतिशत हो गई है। विश्लेषण दर्शाते हैं कि इस दर के बावजूद, मतलब 1.4 दर के बावजूद हमारी जनसंख्या हर वर्ष 1 करोड़ 80 लाख बढ़ती जा रही है। हम हर वर्ष एक अस्ट्रेलिया अपने देश में शामिल कर रहे हैं। इस दर से हमारी जनसंख्या वर्ष 2030 तक 142 करोड़ के लगभग हो जाएगी और चीन से अधिक हो जाएगी। भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश हो जाएगा। दुखः की बात यह है कि सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होने के नाते हमें कोई स्वर्ण पदक नहीं मिलेगा, बल्कि हमें और ज्यादा मुसीबतें झेलनी पड़ेंगी। कुछ लोग इस बात का भी प्रचार करते हैं कि बड़ी जनसंख्या हमारी ताकत है और इस तरफ ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। यह अपने आप ही कंट्रोल हो जाएगी, लेकिन मैं समझता हूं कि वे भूल जाते हैं कि ज्यादा जनसंख्या देश के लिए तो दिक्कत की बात है ही, लेकिन उस परिवार के लिए भी बहुत दिक्कत की बात है, जिसकी संख्या ज्यादा है। सभी अपने-अपने अनुभव से जानते हैं कि वे परिवार ही ज्यादा खुशहाल हैं, जिनके एक या दो बच्चे हैं, उन परिवारों की अपेक्षा जिनके सात, आठ या नौ बच्चे हैं। जिस परिवार में बच्चों की संख्या कम होगी, वहां बच्चों की अच्छी परवरिश हो सकेगी। उनको अच्छी शिक्षा मिल सकेगी। अगर इस दिशा में हमने कारगर कदम नहीं उठाए, तो अगले 50 वर्षों में हमारी जनसंख्या लगभग दुगुनी हो जाएगी। अभी हमारी जनसंख्या 120 करोड़ है, यह जनसंख्या बढ़ कर 240 करोड़ हो जाएगी। जिसके मेरे ख्याल से बहुत

ही गंभीर परिणाम होंगे। इस भयावह स्थिति के लिए हम सब जिम्मेदार होंगे और हमारी आने वाली पीढ़ी हमें कभी भी माफ नहीं करेगी।

मैं माननीय सदन को जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों से अवगत कराना चाहता हूं। जैसा माननीय मंत्री जी ने बताया कि प्राकृतिक संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ जाएगी। भारत के पास विश्व की केवल 2.4 प्रतिशत भूमि है और जनसंख्या 17 प्रतिशत है। हमारा जनसंख्या घनत्व पौने चार सौ के करीब है, वह और ज्यादा बढ़ जाएगी। जनसंख्या का बढ़ता दबाव प्रति व्यक्ति के लिए भूमि की उपलब्धता को, खाद्यान्न को, पेयजल को तथा दूसरी आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता पर प्रतिकूल असर डालता है।

इससे स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आवास के लिए होड़ और ज्यादा हो जाएगी। परिवारों की गरीबी और ज्यादा बढ़ जाएगी। हम जानते हैं कि मिडिल क्लास फैमिली में एक बच्चे को 18 साल की आयु तक पढ़ाने और पालने के लिए चार से पांच लाख रुपए खर्च होते हैं। यह बात स्वाभाविक है कि अगर किसी परिवार में ज्यादा बच्चे होंगे तो उनकी गरीबी और ज्यादा बढ़ेगी।

संयुक्त राष्ट्र संघ और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट में मल्टी डाइमेंशनल पावर्टी इन्डेक्स (एमपीआई) के मापदंड में कहा गया है और माननीय मंत्री जी ने भी जिक्र किया है कि भारत के आठ राज्य- बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, उड़ीसा राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की जनसंख्या को देखते हैं तो पता चलता है कि अफ्रीका में 26 गरीब देशों से ज्यादा गरीब लोग इन आठ राज्यों में रहते हैं। अब हम शहरीकरण की बात करते हैं, जिसके कारण शहरों में झुग्गी झोपड़ियां बढ़ेंगी। हमारा लक्ष्य पांच साल के अंदर अपने देश को झुग्गी झोंपड़ी रहित बनाना है। अभी कुछ दिन पहले रिपोर्ट आई थी कि यह पांच साल में नहीं, यह बीस साल में संभव होगा। मैं समझता हूं कि इसी तरह से जनसंख्या बढ़ती रहेगी तो बीस साल में भी यह संभव नहीं हो पाएगा। हम आज क्लाइमेट चेंज की बात करते हैं। बढ़ती जनंसख्या का इस पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

महोदय, अब मैं उन मुख्य कारणों की चर्चा करना चाहता हूं जिनके कारण जनसंख्या बढ़ रही है। नेशनल फैमिली हैल्थ सर्वे के अनुसार टोटल फर्टिलिटी रेट 2.72 है जो 2.1 होना चाहिए था। माननीय मंत्री जी ने दक्षिण भारत के राज्यों के बारे में बताया कि तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल आदि कई राज्यों ने यह लक्ष्य हासिल किया है। लेकिन कुछ राज्यों में यह 4 तक हैं खास तौर से उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश की तरफ बहुत ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि ये राज्य भी अपनी जनसंख्या पर नियंत्रण कर

सकें। एक बड़ा कारण मेल चाइल्ड प्रेफरेंस यानी लड़कों को तरजीह देना है और लोग ज्यादा बच्चे पैदा करना चाहते हैं। हम कई बार लोगों से मिलते हैं तो हम पूछते हैं कि आपके पास सात बच्चे कैसे हैं? तो वे कहते हैं कि छः लड़कियां हुई। इस तरह से लड़के की चाह में और ज्यादा बच्चे पैदा करते हैं। इन्फेंट मोर्टेलिटी रेट बहुत ज्यादा है और इसके कारण भी जनसंख्या बढ़ती है। शरद यादव जी ने इन्सेन्टिव की बात कही थी। मैं भी इस बात का

पक्षधर हूं कि अगर किसी के बेटा नहीं भी है तो उनके बुढ़ापे की पेंशन को तीन या चार गुना कर दिया जाए ताकि उन्हें कोई फर्क न पड़े और उन्हें पता लगे कि हमारा सोशल सिक्योरिटी मेकेनिज्म पावरफुल है। सुमित्रा महाजन जी ने एक और कारण कम उम्र में लड़कियों की शादी कर देने का जिक्र किया। यह कानूनन अपराध है लेकिन फिर भी हम देखते हैं कि बहुत राज्यों में 18 साल से कम उम्र की लड़कियों को ब्याह दिया जाता है। इससे हम बेटियों की जान जोखिम में डाल रहे हैं और उनके बच्चों की जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। इसके लिए बहुत अनिवार्य है कि हम सुनिश्चित करें कि 18 साल से पहले शादी न हो, अगर हो जाती है तो भी पहला बच्चा 20 साल की उम्र के बाद ही हो। अगर इसे हम सुनिश्चित करते हैं तो बेटियों की जान की सुरक्षा कर सकते हैं। दूसरा बड़ा कारण परिवार नियोजन सेवाओं की कमी का है। सर्वे के आंकड़े बताते हैं कि करीब बीस करोड़ लोगों को गर्भ निरोधकों की आवश्यकता है जबकि इनमें से 50 प्रतिशत लोगों को ही सेवाएं मुहैया करा पाते हैं।

**16.00 hrs.**

इसके कारण बहुत से अनवान्टेड गर्भपात भी किये जाते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम लोगों को परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता करवायें। हम जैसे ही प्राइमरी हैल्थ केयर इम्प्रूव करेंगे, उससे हाई इनफैन्ट मोर्टेलिटी रेट में कमी आयेगी। उससे लोगों के अंदर एक कांफीडैन्स आयेगा कि अगर उनके बच्चे कम भी होंगे तो भी वे जीयेंगे। वरना लोग यह सोचते हैं कि अगर बच्चे कम हुए और अगर किसी बच्चे का देहांत हो गया तो वह बिना बच्चों के रह जायेंगे। इसलिए हमें अपनी हैल्थ सर्विसेज को भी इम्प्रूव करना होगा। इसके अलावा इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी की जो बात कही गई, यह बहुत आवश्यक है कि हम संस्थागत डिलीवरीज को बढ़ायें। क्योंकि कुछ राज्य जैसे छत्तीसगढ़ और झारखंड में केवल 20 या 25 प्रतिशत इंस्टीट्यूशनल डिलीवरीज होती हैं। इसका एक बहुत बड़ा कारण यह है कि जब घर में डिलीवरीज होती है तो उसमें बहुत ज्यादा इनफैन्ट मोर्टेलिटी रेट और मैटर्नल मोर्टेलिटी रेट भी इन राज्यों में बहुत ज्यादा है। हमारे देश में जो जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है, उसका एक कारण यह भी है कि उसमें पापुलेशन मोमैन्टम है। उस मोमैन्टम को कम करने के लिए, उस गति को कम करने के लिए हमें बच्चों में अंतराल को बढ़ाना पड़ेगा। एक बच्चे से दूसरे बच्चे के बीच अगर समय बढ़ता है तो उससे भी पापुलेशन मोमैन्टम में फर्क पड़ेगा। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि जनसंख्या स्थिरता कोष, राष्ट्रीय जनसंख्या स्थिरता निधि के विशेषज्ञों ने भी इसमें बहुत अच्छे सुझाव दिये हैं। वे लोग बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। मैं उनके कार्यों की सराहना करना चाहूंगा और मैं समझता हूं कि उन्हें और बढ़ावा दिये जाने की आवश्यकता है, ताकि वे और ज्यादा बढ़-चढ़कर इसमें काम कर सकें।

अभी माननीय मंत्री जी ने कहा कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण जो काम किया जा सकता है, वह है एक राजनीतिक आम सहमति को बनाना, एक राजनीतिक इच्छा शक्ति का विकास करना। यदि हम सब लोग मिलजुलकर अपनी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर अगर इसमें काम करें तो मैं समझता हूं कि हम इस लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं और हम अपने देश में उन्नति और खुशहाली भी ला सकते हैं। माननीय मंत्री जी ने कहा कि तमिलनाडु राज्य ने आवश्यक गर्भ निरोधक पर फोकस किया और टीएफआर के अंदर बीस प्रतिशत की कमी लाने में सफलता पाई। गुजरात के बारे में अभी श्रीमती सुमित्रा महाजन कह रही थीं और मैं भी कहना चाहता हूं कि गुजरात में चिरंजीवी योजना की सहायता से मातृत्व मृत्यु दर में महत्वपूर्ण कमी लाने में सफलता मिली है। हिमाचल प्रदेश और हरियाणा में भी महिला शिक्षा और महिला सशक्तीकरण पर ध्यान दिया गया है, जिससे मैटर्नल मोर्टेलिटी रेट में काफी कमी आई है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण काम जो

**16.03 hrs.**

*(Shri Arjun Charan Sethi in the Chair)*

हम कर सकते हैं, वह महिला शिक्षा और महिला सशक्तीकरण, इस पर पर्याप्त बल देने की आवश्यकता है। यह हमारा अनुभव हैं कि जो हमारी बेटियां अगर 12वीं कक्षा तक अगर पढ़ लेती हैं तो न तो उनकी कम उम्र में शादी होती है और वे जितने भी महत्वपूर्ण निर्णय हैं, उन महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने के काबिल हो जाती हैं। जैसे कि बच्चों की संख्या कितनी होनी चाहिए, बच्चों में अंतराल कितना होना चाहिए। वे परिवार नियोजन के तरीकों का चुनाव करने के लायक हो जाती हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम महिलाओं और अपनी बेटियों की शिक्षा पर पूरा ध्यान दें। हमें सामाजिक व्यवहार और सोच में बदलाव लाने तथा जागरूकता के लिए बहुत काम करने की आवश्यकता है - जैसे शादी की सही आयु पर बल देना, लिंग समानता, महिला रोजगार को महत्व देना आदि।

इसके अलावा हमें अपने समाज में रोल माडलों को तैयार करना चाहिए। मैं समझता हूं कि हमारे संसद के अंदर भी बहुत से ऐसे सांसद रोल माडल्स हैं, जिनके पास केवल एक बेटा या बेटी है। उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए सिर्फ एक या दो ही बच्चे पैदा किये। मैं समझता हूं कि शादी की सही उम्र को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। 18 साल से कम उम्र में हमारी किसी भी बेटी की शादी न हो, ताकि उनकी जान जोखिम में न डले और जहां ऐसा हो तो उसके लिए जो कानून है, उसके अनुसार कानूनी कार्यवाही को इम्पलीमैन्ट करना चाहिए।

मैं समझता हूं कि सब से बड़ी बात इसमें यह की जा सकती है कि उस व्यक्ति को इंसैंटिव दिया जाये जो एक या दो बच्चे पैदा करता है, उसे बुढ़ापे में चार गुना पैंशन दी जाये। इस काम मे देश के सिर्फ 500 करोड़ रुपये खर्च होंगे लेकिन बुढ़ापे का सहारा हो जायेगा। जो लोग लड़के का वहम करते हैं कि हमारा लड़का जरूर होना

चाहिये जिससे कि वह बुढ़ापे का सहारा बने, उससे काफी हद तक निजात मिलेगी। हमारे हरियाणा में लाडली स्कीम को काफी कामयाबी मिली है।

सभापति महोदय, मैं अंत में आपका और सदन का आभार प्रकट करता हूं कि मेरे विचारों को धैर्य और शान्ति से सुना गया। मैं अपेक्षा करता हूं और मुझे विश्वास है कि माननीय स्वास्थ्य मंत्री के संरक्षण में स्वास्थ्य मंत्रालय वह सभी कदम उठायेगा जो व्यक्ति, परिवार ,देश और समाज के हित में हैं। मैं माननीय मंत्री जी को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि उन्हें इस प्रयास में पूरे सदन का समर्थन मिलेगा। उन्होंने माननीय सदस्यों से आह्वान किया है कि हम लोग अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर बात करें। पहले इस बारे में हम लोग संकोच करते थे लेकिन समय की मांग है कि आज हम लोगों में जागरूकता लेकर आयें। अगर हम सब में आम सहमति होगी, दलगत राजनीति से हटकर काम करेंगे तो मुझे विश्वास है कि हम अपने देशवासियों के लिये खुशहाली और सम्पन्नता लेकर आ सकते हैं और हम सब मिल जुलकर अपने सपनों का भारत बना सकते हैं।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी):** सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने स्वास्थ्य मंत्री श्री गुलाम नबी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव देश में जनसंख्या स्थरीकरण मुद्दे पर मुझे बोलने का मौका दिया। मैं माननीय मंत्री जी का आभार प्रकट करता हूं कि वह इस महत्वपूर्ण मुद्दे को सदन में लेकर आये।

मैंने बहिन सुमित्रा और श्री जिन्दल जी के विचारों को सुना है। मैं हिन्दुस्तान जैसे 120 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में जनसंख्या पर नियंत्रण करने के लिये मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर अपने विचार रखना चाहूंगा। वर्तमान वर्ष 2010 चल रहा है और देखा जाये तो प्रतिवर्ष औसतन एक से डेढ करोड़ की जनसंख्या बढ़ रही है। मैं माननीय मंत्री जी के विचारों को थोड़ा सा इसलिये सुन पाया क्योंकि मैं बीएसी की मीटिंग में गया हुआ था। सदन जनसंख्या मुद्दे पर चिन्ता व्यक्त कर रहा है। अगर शिक्षा, जनसंख्या और जागरूकता - तीनों का मिलन हो जाये तो मेरे ख्याल से बहुत सारी समस्यायें हल हो सकती हैं। देश का आम जनता का विकास हो सकता है। खासकर जो बीपीएल कार्डधारक हैं, उनका भी विकास हो सकता है। माननीय स्वास्थ्य मंत्री बता रहे थे कि हम लोग हर वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस मनाते हैं। एक ए.सी. कमरे में बैठकर मना लेते हैं। वैसे उन्होंने जनसंख्या मुद्दे पर बड़े विस्तार से बातें कही हैं। मैं उन पर तो नहीं जाना चाहूंगा लेकिन विश्व जनसंख्या दिवस मनाने के लिये मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं...(व्यवधान)

**श्री गुलाम नबी आज़ाद :** महोदय, मैं उस समय इस बारे में बताना भूल गया क्योंकि बहुत सारी चीजें आ रही थीं। जब हमने पिछले साल निर्णय लिया कि आइन्दा ऐसा नहीं होगा तो इस साल हमने यह कार्यक्रम कमरे में नहीं मनाया। इस साल इंडिया गेट पर सुबह छह बजे हजारों लड़के और लड़कियों ने तीन किलोमीटर की रेस की। इसे तमाम चैनल्स ने दिखाया, उसके लिए मैं समाचार पत्रों और टेलीविजन चैनल्स को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने गलती से इसे दिखा दिया और इस बार हमने एक दिन नहीं, इसे एक हफ्ता मनाया। जहां ज्यादा समस्याएं हैं जैसे- उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में तकरीबन साढ़े तीन सौ जिलों में पूरे एक हफ्ते तक कार्यक्रम हुए और उसमें मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया। चाहे वे विपक्ष के मुख्यमंत्री हों या कांग्रेस के हों, मंत्रियों ने हिस्सा लिया, अधिकारियों ने हिस्सा लिया। जो आखिरी प्रोग्राम था, वह जयपुर में पूरे दिन का हुआ, जिसमें हजारों लोगों, हजारों वर्कर्स और बाकी लोग आये थे। खाली पिछले साल कहा तो ऐसा नहीं है कि हमने किया नहीं, इस दफा हम तीन सौ जिलों में गये हैं, अगली दफा यदि हम सब मिलकर करें तो हम तीन हजार, तीन लाख फंक्शन कराना चाहेंगे।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** महोदय, मेरा इसमें एक सुझाव है कि आप इसे एक पखवाड़ा या एक महीना मनाइये। स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से आपने सभी संसदीय क्षेत्रों स्वास्थ्य मेला लगवाने का काम किया था, इस वक्त वह बंद हो गया है। हो सकता है कि बजट की कमी हो, जो भी हो, लेकिन उसमें परिवर्तन करके आप विश्व जनसंख्या दिवस को पखवाड़े के रूप में हर संसदीय क्षेत्र में या हर विधान सभा में इसे मनवाने की व्यवस्था कर दीजिए। चाहे आपको इसके लिए यहां से कुछ धन भी निर्गत करना पड़े। आप यह राज्य सरकारों को दीजिए क्योंकि बढ़ती हुई जनसंख्या हिन्दुस्तान के विकास में बहुत बड़ा रोड़ा है। यह मेरा आपको सुझाव है।

महोदय, मेरी दूसरी बात यह है, जो बुकलेट आपने हम लोगों को दी है, उस रिपोर्ट को हम लोगों ने देखा है कि परिवार नियोजन से संबंधित आपने तमाम प्रोत्साहन दिये हैं। जिसमें राष्ट्रीय परिवार बीमा योजना की भी बात आपने कही है। मेरा आपको यह सुझाव है कि परिवार नियोजन योजना से संबंधित अगर कोई भी स्त्री या पुरूष उसमें सहभागिता देता है तो उसे जो भी सरकारी सुविधाएं मिलती हैं, उसमें उसे प्राथमिकता मिलनी चाहिए। यह प्रोत्साहन देने से लोगों में जागरूकता आयेगी और लोग सक्रिय होकर परिवार नियोजन को एडॉप्ट करेंगे। परिवार नियोजन आठ सौ रूपये देते थे, आपने आठ सौ रूपये से उसे डेढ़ हजार रूपये बढ़ाया है। आज की महंगाई में यह धनराशि कोई मायने नहीं रखती है। आपको प्रोत्साहन स्वरूप कोई न कोई कार्य योजना बनानी पड़ेगी। खासकर इसमें जो दलित, मुस्लिम और बैकवर्ड जाति के लोग हैं, ये इससे ज्यादा प्रभावित होंगे। इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि आप इसमें प्रोत्साहन दें। यह धनराशि बहुत कम है और आज की महंगाई को देखते हुए इसे बढ़ाने की जरूरत है।

महोदय, मैं रिपोर्ट में देख रहा था कि विभिन्न राज्यों की जो प्रजनन दरें हैं, जो जन्म-मृत्यु की दर आपने दर्शायी हैं, यह बात सत्य है कि, सुमित्रा महाजन बहन जी ने बड़े विस्तार से इस बारे में बताया है कि हर राज्य की जनसंख्या, हर राज्य की भौगोलिक परिस्थिति, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक परिस्थितियां अलग-अलग हैं। बहुत से ऐसे राज्य हैं, जो बहुत पिछड़े हुए हैं। चाहे आप झारखंड ले लीजिये, बिहार ले लीजिये, उत्तर प्रदेश ले लीजिये, मध्य प्रदेश ले लीजिये, उड़ीसा ले लीजिये, ये तमाम राज्य पिछड़े हुए हैं। आज भी यहां इन तमाम बातों का अभाव है। मैं चाहूंगा कि इन राज्यों में आपको इस योजना को विशेष तौर पर प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। यह देखा गया है कि जो बड़े लोग हैं, जो समझदार और पढ़े-लिखे लोग हैं, मैंने अभी कहा था कि इस अभियान में मुख्य चीज शिक्षा और जागरूकता है। इसलिए इन्हें बढ़ावा दिया जाना चाहिए। मानव संसाधन मंत्रालय भी आपके मंत्रालय से संबंधित है।

अगर अवेयरनैस के लिए दोनों मंत्रालय मिल कर इसकी व्यवस्था करें तो मेरे ख्याल से आपका यह प्रस्ताव बहुत कारगर साबित होगा। जहां तक मनोरंजन की बात है, बड़े-बड़े लोगों के पास या मध्यम वर्गीय पढ़े-लिखे जो लोग हैं, उनके पास धनराशि एवं सुविधाएं हैं। वे मनोरंजन कर लेते हैं, लेकिन जो स्लम बस्तियों में गरीब हैं, खास कर जो बीपीएल एवं अशिक्षित हैं, जिनके यहां अभी भी अज्ञानता है, ऐसे लोगों के यहां केवल टेलीविजन ही एक माध्यम है। अभी यहां बात चली है, कई बार राज्यसभा में भी यह बात उठ चुकी है, हमारे पहले नेता प्रो. रामगोपाल जी ने भी कहा था, टेलीविजन में इतनी अश्लीलता दिखाते हैं, हम जितने भी सदस्य यहां बैठे हैं, अपने परिवार के साथ समाचार नहीं देख सकते। आप बीच-बीच में जो विज्ञापन देते हैं, वह इतना अश्लील होता है कि हमें अपना मुंह दूसरी तरफ करना पड़ता है, क्योंकि बच्चे भी हमारे साथ बैठे होते हैं। आज यह स्थिति है।

सभापति महोदय, अभी आदरणीय शरद यादव जी कह रहे थे कि भारतवर्ष में यह कानून बना है। बाल विवाह के ऊपर यहां बात आई है कि 18 वर्ष की लड़की और 21 वर्ष के लड़के की शादी के लिए आपने वैधता की है। टी.वी. में एक सीरियल बालिका वधु आता है, जिसमें शारदा एक्ट की बात कही गई है, इसे कड़ाई से लागू करें, जो प्रभावित हो रहा है। इस पर आपको गंभीरता से सोचना पड़ेगा। दूसरा, लाडो सीरियल भी टी.वी. में आता है। उसमें वहां की जो महिला है, उसके यहां जो भी लड़की पैदा होती है, उसकी तत्काल हत्या कर दी जाती है, यह दिखाया जा रहा है। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आपकी पार्टी की तरफ से एक अन्य माननीय सदस्य ने भी बोलना है।

**श्री शैलेन्द्र कुमार :** मैं आपको यह भी ध्यान दिलाना चाहूंगा कि इतनी सख्ती न करें, जिससे आपकी सरकार चली जाए। पहले भी आपकी सरकार इसकी वजह से गई थी। स्वर्गीय संजय गांधी जी ने अपने पांच सूत्री कार्यक्रम में परिवार नियोजन रखा था तो सरकार भी चली गई थी। इसलिए इस चीज का भी ख्याल रखें। यह जो आपदा है, यह राष्ट्रीय आपदा है और राष्ट्रीय कार्यक्रम भी है। इसलिए मैं चाहूंगा कि पक्ष-विपक्ष, सदन में जो भी हमारे सम्मानित सदस्य हैं, उनका सहयोग मिलना अतिआवश्यक है। बाल-विवाह पर रोक लगाने की बात है। कभी-कभी हम लोग टी.वी. पर देखते हैं कि बहुत बड़ा समारोह होता है। उसमें हमारे जनप्रतिनिधि और मंत्रिगण गए हैं। जिस विवाह समारोह में वे गए हैं, वहां उन बच्चों की आयु कम थी। ऐसे बाल-विवाह को रोकने के लिए खास कर जनप्रतिनिधियों को देखना चाहिए कि जिस परिवार में समारोह में हम जा रहे हैं, उस लड़का एवं लड़की की उम्र क्या है। अगर हम वहां जा रहे हैं तो इसका मतलब है कि हम बाल-विवाह को प्रोत्साहन दे रहे हैं। इस पर हमें चिन्ता व्यक्त करनी चाहिए। अगर कहीं भी हमारे जनप्रतिनिधि जाएं तो तत्काल अधिकारियों को सूचना दें। उस पर रोक लगानी चाहिए ताकि आने वाले समय में इस प्रकार की घटनाओं की पुर्नावृत्ति न होने पाए। इसीलिए सरकार ने कहा कि दो या तीन बच्चे, होते हैं घर में अच्छे। स्वास्थ्य मंत्री जी, आज अगर हमारे यहां की महिलाओं की

स्थिति देखी जाए तो पता चलेगा कि उनमें हीमोग्लोबिन और एनिमा की कमी है। खास कर बच्चों की जो मृत्यु दर है, जो कुपोषण के शिकार हैं, ऐसी महिलाओं और बच्चों पर भी आपको विशेष ध्यान देना पड़ेगा। आप यहां से योजनाएं भेजते हैं, लेकिन राज्य सरकारें कहीं योजना लागू कर पाती हैं, कहीं नहीं लागू कर पाती हैं। आज भी जो ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं हैं, वे आपकी तमाम योजनाओं से वंचित हो जाती हैं। उन्हें सुविधाएं नहीं मिल पातीं। उसमें इतनी फोरमेलिटी होती है। वह बेचारी महिला अगर गर्भवती है तो वह कहां-कहां जाए। उसे क्या योजना मिलेगी, कितना पैसा मिलेगा, उसे कुछ नहीं मिल पाता। इसलिए इसमें कुछ सरलीकरण कीजिए। मान लीजिए कि अगर स्थानीय स्तर पर सीएचसी, पीएचसी या जो भी है, वहां से उसे डायरेक्ट सुविधा मिल जाए, यह व्यवस्था आपको करनी पड़ेगी।

सभापति महोदय, दूसरा मेरा कहना यह है कि एक बच्चे से दूसरे बच्चे के बीच में अंतर का जो विषय है, इसमें भी आपको कानून बनाना पड़ेगा। आज हमारी जो जनसंख्या बढ़ी है, उसका मैन कारण है कि एक बच्चे से दूसरे बच्चे के बीच में कम से कम पांच साल का अंतर होना चाहिए, यह मेरा मानना है। तभी हमारी महिलाओं में जो हीमोग्लोबिन की कमी है और बच्चे जो कुपोषण के शिकार हैं, उस पर रोक लग सकती है।

यह बात मैं आपको सुझाव के तौर पर बताना चाहता हूं।

इस समय, पूरे देश में जो लिंग अनुपात का असंतुलन है, वह बहुत है। अल्ट्रासाउंड से लोग बच्चे का पता लगा लेते हैं कि वह लड़का है या लड़की। आजकल पंजाब और हरियाणा में ऐसी जापानी किट आ गई हैं जिससे लड़का या लड़की होने का आसानी से पता लगाया जा सकता है। यहां जिंदल साहब बैठे हुए हैं। वे जानते होंगे। जापान या जर्मनी से कोई ऐसी किट आई है कि उस किट पर यदि ब्लड की एक ड्रॉप रख दीजिए, तो पता लग जाएगा कि गर्भवती महिला के पेट में लड़का है या लड़की। ऐसी किट की भी आपको जांच करानी पड़ेगी और उस पर रोक लगानी पड़ेगी। मंत्री जी, आप ठीक कह रहे हैं कि ऐसा कई सालों से है, लेकिन मेरा कहना है कि इस पर आपको रोक लगानी पड़ेगी और खासकर आपने जो योजना 'सेव दि गर्ल चाइल्ड मिशन' बनाई है, उसे चलाने के लिए ऐसा करना पड़ेगा। इस योजना को प्रभावी बनाने के लिए कुछ प्रोत्साहन योजना आप राज्यों को भेजें, ताकि इसका प्रभाव नीचे जमीन तक जाए।

मैं, माननीय मुलायम सिंह जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि जब वे हमारे प्रदेश के मुख्य मंत्री थे, यानी तत्कालीन मुख्य मंत्री, उस समय इन्होंने लड़कियों के लिए एक योजना 'कन्या विद्या धन' नाम से चलाई थी, जिसके अनुसार प्रत्येक लड़की को 20-20 हजार रुपए देने की व्यवस्था की गई थी। उस योजना के कारण बहुत सी ऐसी लड़कियां थीं, जिन्होंने इंटर पास करने के बाद ग्रेज्युएट या पोस्ट ग्रेज्युएट अथवा और ऊंची पढ़ाई की। यदि किसी पिता की बहुत मजबूरी रही होगी, तो उसने कम से कम उस बालिका के हाथ पीले करने का काम

किया होगा। यह बहुत अच्छी योजना है। इस प्रकार की योजना आपको भारत सरकार की ओर से डायरैक्ट प्रदेशों को देनी चाहिए। तभी देश में जो लिंग-अनुपात असंतुलन है, वह व्यवस्थित हो पाएगा।

इस समय आपने भी आबादी के ऊपर चिन्ता व्यक्त की है कि आबादी बहुत बढ़ती जा रही है। हमारी जमीन उतनी ही है, बल्कि सिकुड़ रही है और हमारी आबादी बढ़ रही है। इसलिए हमें बढ़ती जनसंख्या पर चिन्ता व्यक्त करनी चाहिए। मैं सभी सम्मानित सदस्यों से यही निवेदन करूंगा कि यह जो प्रस्ताव आया है, इसका वे पुरजोर समर्थन करें और इसमें अपना सहयोग दें। यदि जनसंख्या को हम कंट्रोल कर लेंगे, तो हमारे जो सीमित संसाधन हैं, उन्हीं के माध्यम से हम अच्छा विकास कर लेंगे। अन्त में, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और इसका समर्थन करता हूं।

**श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही):** माननीय सभापति जी, माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव कि देश में जनसंख्या के स्थिरीकरण के मुद्दे पर विचार किया जाए, जिस पर आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं आपका आभारी हूं।

महोदय, माननीय मंत्री जी ने कहा कि साढ़े 33 वर्ष के बाद इस पर हम सदन में चर्चा कर रहे हैं। आपने बताया कि 11 जुलाई को 'वर्ल्ड पॉपुलेशन डे' पूरे विश्व में मनाया जाता है। देश के विकास में बढ़ती हुई जनसंख्या सबसे बड़ी समस्या है। यदि हम इसे जनसंख्या विस्फोट कहें, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा, बढ़ती हुई आबादी है। आपने बताया कि विश्व में हमारे देश की जमीन का जो प्रतिशत है, वह ढाई प्रतिशत है और विश्व की जनसंख्या की दृष्टि से हमारे देश की जनसंख्या का अनुपात साढ़े 17 प्रतिशत है, जो इस पर रहता है। यानी ढाई प्रतिशत भूमि पर साढ़े 17 प्रतिशत लोग रहते हैं। इस देश के विकास के लिए निश्चित रूप से यह संकट है। माननीय मंत्री जी को मेरा सुझाव है कि जहां हमें अपने देश में उपयोग के लिए ढाई प्रतिशत जमीन मिली है, उसमें भी हमारी आधी जमीन बंजर और परती जमीन है। ऐसे लोग जो खेती करना चाहते हैं, जो गरीब हैं, जो गांवों में रहते हैं और जिन्हें आबादी बढ़ाने में कहीं न कहीं पहली लाइन में रखा जा रहा है, अशिक्षा अथवा गरीबी है, उनमें यदि इस परती और बंजर जमीन को बांटा जाए, तो उन्हें देश में अन्न का उत्पादन बढ़ाने और अपनी व्यवस्था चलाने में भी मदद मिलेगी। जनसंख्या वृद्धि पर इसका भी असर पड़ेगा।

महोदय, आपने बताया कि हम कड़ा कानून नहीं बनाना चाहते, लेकिन आपने पूरे सदन से अपील की है कि एक ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिसमें लोग मिलजुल कर कुछ करें और निचले स्तर तक इस बात को ले जाएं। लोगों में जागरुकता पैदा करें कि हम जनसंख्या पर कंट्रोल करें। हम विश्व में दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा आबादी वाले देश हैं। चीन ने अपनी जनसंख्या पर कंट्रोल किया। उसने कुछ कानून बनाए। उसने व्यवस्था दी कि यदि लोग एक से अधिक बच्चे पैदा करते हैं, तो कहीं न कहीं उन्हें अन्य सुविधाओं से वंचित किया जाएगा।
सरकारी नौकरियों में उन्हें व्यवस्था नहीं मिल पाएगी, उनकी जमीन-जायदाद में दूसरे, तीसरे बच्चे को हिस्सा नहीं मिलेगा, यह कानून बना और उसका कुछ असर भी पड़ा, आबादी पर कंट्रोल हुआ। हमारे देश में, पूरे देशों या विश्व की बात हम अगर करें तो हम जो विकास की बात करते हैं, वह गणितीय विधि से बढ़ता है, 1-2-3-4-5, वहां जाकर विराम उसका हो जाता है और जब हम जनसंख्या की बात करते हैं तो यह ज्यामितीय विधि से बढ़ रही है, दो दुना चार चौके 16, इसका कोई अन्त नहीं है। आज जो चिन्ता का विषय है, हम इस पर बहस ही न करें, बल्कि इसको जमीन तक ले जायें, लोगों में जागृति पैदा करें और इस पर कंट्रोल करें।

महोदय, आपने कहा और सारे हमारे माननीय सदस्यों ने भी चिन्ता जताई कि बढ़ती हुई आबादी के कई कारण हैं। उसमें सबसे अहम कारण अशिक्षा है। माननीय मंत्री जी ने साउथ इंडिया के कई राज्यों का नाम लिया,

जिन्होंने जनसंख्या की वृद्धि पर कंट्रोल किया, लेकिन वहां भी अगर ध्यान दिया जाये तो शिक्षा की प्रतिशत दर उनकी बढ़ी है, वे शिक्षित हुए हैं। हमें उधर भी ध्यान देने की जरूरत है और प्रशिक्षण की आवश्यकता है। माननीय मंत्री जी ने कहा कि पहले कानून बना था, 30 साल पहले हम उस समय पढ़ाई-लिखाई कर रहे थे, तब एक कड़ा कानून बना, लेकिन उसका कुछ इस तरह से प्रचार-प्रसार किया गया कि उसका रूप बदरूप हो गया। आज जरूरत शिक्षा की अनिवार्यता की है। शिक्षा की अनिवार्यता की बात तो की जाती है। आज ग्रामीण अंचल में जो दबे हैं, पिछड़े हैं, कुचले हैं, ऐसे लोगों को व्यवस्था मिलनी चाहिए, जिसके वे हकदार हैं।

मनोरंजन की भी बात आई। निश्चित रूप से आज गांवों में मनोरंजन की जरूरत है। शहरों में तो दो तरह की व्यवस्थाएं हैं। वहां एक तो सारी सुविधाएं हैं और उन्हें अपने स्तर से जीने की व्यवस्था है, लेकिन गांव का वह गरीब, गांव का वह किसान, गांव का वह मजदूर मनोरंजन के अभाव में अपने परिवार के बीच में रहता है और ज्यादा परिवार के बीच में रहने से भी यह स्थिति बनती है, जो बढ़ती हुई आबादी का एक कारण बनती है।

कम उम्र में बच्चे-बच्चियों की शादी, यह देहात में अभी भी चल रहा है। कानून बने हैं, लेकिन उसके बाद भी गांवों में कम उम्र के बच्चे-बच्चियों की शादी कर दी जाती है। जच्चा और बच्चा दोनों को इससे संकट होता है, बीमारियां होती हैं, उनका स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति भी उन्हें कहीं न कहीं प्रभावित करती है। इसमें भी एक व्यवस्था की आवश्यकता है। अभी हमारे माननीय सदस्य ने कहा कि टी.वी. पर एक  सीरियल आता है, उसमें एक व्यवस्था दी गई है, उसमें जो कुछ बताया जा रहा है, वह देश के लिए, समाज के लिए हितकर नहीं है।

मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर आकृष्ट करना चाहूंगा, वहां आज भी बच्चियों को शिक्षित करने के लिए, बच्चियों को उनके विकास के लिए जो चाहे अनुसूचित जाति की है, गरीब है और चाहे बी.पी.एल. धारक है, उन बच्चियों को शिक्षित करने के लिए हाईस्कूल पास करने के बाद 15 हजार रुपये और एक साइकिल दी जा रही है, ताकि वे बच्चियां पढ़ सकें। जब वे इण्टर पास कर लेती हैं तो उन्हें 10 हजार रुपया मिल रहा है। यह हमारी गवर्नमेंट और उतर प्रदेश की मुख्यमंत्री सुश्री मायावती जी ने व्यवस्था की है। पूरे प्रदेश में उससे दो लाभ हुए। एक तो जो बच्चियां गरीबों की हैं, पढ़ाई के अभाव में, धन के अभाव में, व्यवस्था के अभाव में वे घरों में बैठ जाती थीं, उनकी जल्दी शादी कर दी जाती थी, उनके बच्चे पैदा हुआ करते थे, उस पर विराम लगा और वे पढ़ाई की तरफ बढ़ीं और शिक्षित हुईं, उनकी साक्षरता बढ़ी। उत्तर प्रदेश में एक दूसरी महामाया आशीर्वाद योजना बनी। किसी भी जाति में, किसी भी वर्ग में कोई भी बच्ची अगर पैदा होती है, समाज में जो गरीब समाज है, उसमें बच्ची का पैदा होना आज भी अभिशाप माना जाता है। जैसा कि हमारे माननीय सदस्य जी ने कहा कि आज भ्रूण हत्या कराई जा रही है, लिंग परीक्षण कराया जा रहा है, इसमें भी आवश्यकता है, जैसे कि उत्तर प्रदेश सरकार में हमारी मुख्यमंत्री जी ने एक योजना बनाई कि अगर किसी भी गरीब परिवार में बच्ची पैदा हो रही है तो पैदा होते ही उसके नाम से 20 हजार रुपये जमा करा दिये जाते हैं और 18 साल के बाद उसे एक लाख रुपये का चैक

प्रदान किया जाता है, तब तक वह लड़की पढ़ती रहती है और 18 साल की उम्र होने के साथ-साथ वह इण्टर तक की शिक्षा प्राप्त कर लेती है।

एक लाख रूपए का जो चेक उसे मिलता है, वह उसे पढ़ाई में सहयोग करता ही है, साथ ही साथ जब उसकी शादी होती है, उसकी शादी जो अवसाद के रूप में देखी जा रही थी, उसमें भी उसे मदद मिलती है। महोदय, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से और माननीय मंत्री जी से यह आग्रह करना चाहूंगा कि केवल बहस करके, व्यवस्था बनाकर, केवल आपस में वार्तालाप करके इस पर कंट्रोल नहीं कर सकते हैं। एक नीतिगत व्यवस्था होनी चाहिए। उतर प्रदेश सरकार ने जो व्यवस्था बनायी है, आप भी इस तरह की व्यवस्था पूरे देश में करें। पूरे देश में एक व्यवस्था दें और केंद्र सरकार की तरफ से मदद दें। उतर प्रदेश सरकारों की उसमें सहभागिता हो, ताकि जो बढ़ती हुयी आबादी है, उस पर कंट्रोल किया जा सके। यह बढ़ती आबादी हमारे देश के विकास में बाधक है और अगर इसे हम जनसंख्या विस्फोट कहें, तो अतिश्योक्ति नहीं होगी।

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से पुनः आग्रह करना चाहूंगा कि समाज में जागरूकता की आवश्यकता है, प्रशिक्षण की आवश्यकता है, मनोरंजन की व्यवस्था करने की आवश्यकता है और कम उम्र में होने वाली शादियों को रोकने की आवश्यकता है। ऐसे गरीब परिवारों को, निर्धन परिवारों को, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले परिवारों को ऐसी सुविधायें प्रदान की जाएं कि उनका विकास हो सके, वे शिक्षित हो सकें। बच्चियां शिक्षित हों, क्योंकि जब एक लड़की शिक्षित होती है, तो उसका परिवार शिक्षित होता है, । उस बच्ची को हम कैसे शिक्षित करें? इस संबंध में हमारी उतर प्रदेश सरकार ने जो व्यवस्था दी है, वहां की मुख्यमंत्री जी ने जो व्यवस्था की है, इस तरह की व्यवस्था केंद्र की ओर से हो तो निश्चित रूप से बढ़ती हुयी आबादी पर रोक लगेगी और देश का विकास हो सकेगा।

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):** सभापति महोदय, आपने इस महत्वपूर्ण विषय पर मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आभार प्रकट करता हूं। जब माननीय मंत्री जी अपनी बात सदन के सामने रख रहे थे, तो उन्होंने बड़े विस्तार से आंकड़ों के साथ बताया कि देश में बढ़ती हुयी जनसंख्या के कारण क्या हैं? सुझाव के तौर पर भी उन्होंने कुछ बातें रखीं और बताया कि सरकार की क्या योजना है और सरकार क्या सोचती है?

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि जनसंख्या वृद्धि का सीधा संबंध गरीबी से है। गरीबी के कारण अशिक्षा है और अशिक्षा के कारण जागरूकता का अभाव है। ये बातें एक-दूसरे से जुड़ी हुयी हैं। गरीबी और अशिक्षा के कारण, जागरूकता की कमी के कारण जो गरीब लोग हैं, उनके अंदर यह भावना होती है कि यदि हम ज्यादा बच्चे पैदा करेंगे, तो वे हमारे बुढ़ापे का सहारा बनेंगे। मैं जब अपने सुझाव रखूंगा, तब अपनी बात सरकार के सामने रखूंगा कि इसके लिए क्या किया जाना चाहिए। मैं यह कहना चाहता हूं कि जब से हमने होश संभाला है, तब से यह सुन रहा हूं कि छोटा परिवार, सुखी परिवार। मैं परिवार कल्याण से संबंधित तमाम कार्यक्रम और नारे सुन रहा हूं। लेकिन जो कार्यक्रम चल रहे हैं और जो नारे हैं, उन नारों से कोई खास फायदा अभी तक नहीं मिल पाया है। देश की जनसंख्या जिस तीव्र गति से बढ़ रही है, माननीय सदस्य ने ठीक कहा कि यह केवल जनसंख्या वृद्धि का ही मामला नहीं है, बल्कि यह कहें कि स्थिति विस्फोटक है, तो आज के दिन यही कहना सही होगा। आपने समस्या के संबंध में बड़े विस्तार में कहा, लेकिन मैं आपको यह बताना चाहूंगा और आप जब बार-बार आंकड़े पेश कर रहे थे, तो आपने बिहार का नाम हर संदर्भ में लिया, जहां से मैं चुनकर आता हूं। अशिक्षा है तो सबसे ज्यादा बिहार में है, टोटल फर्टिलिटी रेट बिहार का सबसे ज्यादा है और बालिकाओं की अशिक्षा की दर भी सबसे ज्यादा बिहार में है।

सभापति जी, मुझे आपके माध्यम से सदन को बताने में खुशी हो रही है, पहले क्या हुआ, नहीं हुआ, मैं नहीं कह सकता, लेकिन अभी की जो स्थिति है, बिहार में एनडीए की सरकार और वहां के माननीय मुख्य् मंत्री नीतीश कुमार जी ने जनसंख्या वृद्धि पर लगाम लगाने के लिए राज्य में जो कार्यक्रम बनाए हैं, जो सबसे सुधारात्मक कार्यक्रम लाए गए हैं, उनमें महिला सशक्तीकरण के तहत पंचायत में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है ताकि महिलाएं निर्णय लेने वाली संस्थाओं में बैठें, वहां निर्णय ले सकें और उनके अंदर जागरुकता आए।

दूसरा, जहां तक महिलाओं में अशिक्षा का सवाल है, मुख्य मंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्य मंत्री बालिका पोषाक योजना है जिसके कारण काफी प्रगति हुई है। हमारी बच्चियां पहले प्राथमिक विद्यालयों तक शिक्षा ग्रहण करती थीं, उसके बाद उनका विद्यालय जाना बंद हो जाता था । लेकिन अब उच्च विद्यालय में नवीं कक्षा में पढ़ने वाली बालिकाओं को राज्य सरकार की तरफ से साइकिल दी जा रही है। इसके काफी अच्छे परिणाम

आए हैं। उन्हें पढ़ने के लिए कॉपी-किताबें दी जा रही हैं, स्कूल जाने के लिए पोषाकें दी जा रही हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बिहार में बालिकाओं की अशिक्षा की दर कम करने के लिए, उन्हें शिक्षित बनाने के लिए राज्य सरकार कारगर कदम उठा रही है।

मैं इस संदर्भ में आजादी से पहले की बात बताना चाहता हूं। जब हिन्दुस्तान गुलाम था, तब खैबर दर्रे से लेकर पटना तक लोगों ने आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसका नतीजा यह हुआ कि हम अंग्रेजों के निशाने पर रहे और आज की स्थिति भी यह है कि हम केन्द्र सरकार द्वारा उपेक्षित किए जा रहे हैं। अभी यहां जो आंकड़ा पेश किया गया, आपने बताया कि दक्षिण के राज्यों ने टोटल फर्टीलिटी रेट पर नियंत्रण कर लिया है। लेकिन जहां ज्यादा है, मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि उन्होंने उन राज्यों के लिए क्या कार्यक्रम बनाए? किस कार्यक्रम के लिए कितना धन आवंटित किया गया ताकि उन राज्यों में उसे नियंत्रित किया जा सके। आपने उत्तर प्रदेश, बिहार और अन्य राज्यों का नाम लिया, लेकिन इसके नियंत्रण के लिए क्या कार्यक्रम चलाए, मै यह जानना चाहता हूं? समस्या बताना हमारा काम है। यह कर्तव्य विपक्ष का है। आपका काम उनका समाधान ढूंढना है। हम सुझाव दे सकते हैं, लेकिन उन पर अमल करना, उन्हें लागू करना सरकार का दायित्व है।

कई माननीय सदस्यों और मंत्री महोदय ने कहा कि इसमें इलैक्ट्रॉनिक मीडिया का काफी अहम रोल है। इस बात को प्रचारित करने में, देश को जागरुक बनाने में कि जनसंख्या पर किस तरह नियंत्रण किया जाए, इलैक्ट्रॉनिक मीडिया का काफी अहम रोल है। लेकिन हमारे देश में शारदा एक्ट है। उसका उल्लंघन करते हुए टीवी पर कई सीरियल चल रहे हैं।

हमारे नेता श्री शरद जी ने इस बात को कहा और इसके पहले के सत्रों में भी उन्होंने इस बात को मजबूती से उठाया है, लेकिन अभी तक सरकार उस बात पर गंभीर नहीं है। इस प्रकार के सीरियल देश में चल रहे हैं बालिका वधू, न आना इस देश में लाडो। सरकार इस विषय में क्या कर रही है? एक तरफ तो आप चिंतित दिखाई दे रहे हैं कि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करें और आपने भ्रूण हत्या, लिंग परीक्षण सारी बातों को स्वीकारा है। दूसरी तरफ आप इन पर कोई कार्यवाही नहीं करते हैं, तो मैं कैसे समझूं कि सरकार इस बात को लेकर गंभीर है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि हमारे देश ने पिछले दशकों में तरक्की की है। यद्यपि इस विकास का सही रूप से वितरण नहीं हो पाया, हमारे देश में इसका उदाहरण है कि दक्षिण के राज्यों में ज्यादा विकास हुआ है। बढ़ती हुई जनसंख्या कारण है कि विकास में अपेक्षित संतुलन नहीं हुआ है। जनसंख्या पर नियंत्रण समकालीन भारत के लिए गंभीर चुनौती है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ष 2030 में भारत की जनसंख्या 150 करोड़ से ज्यादा हो जाएगी और हम दुनिया के जनसंख्या के मामले में नम्बर एक देश हो जाएंगे। नोबल पुरस्कार विजेता डॉ. अमृत्य सेन का भी मानना है कि तब तक किसी देश का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता है,

जब तक उस देश की महिलाओं को मुख्यधारा में शामिल नहीं किया जाता है। राज्य सरकारों ने अपने दायित्व का बखूबी निर्वाहन किया है। मैं बिहार सरकार की बात कह रहा हूं, लेकिन भारत सरकार इस विषय में क्या कर रही है, मैं यह जानना चाहता हूं?

मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं। आपातकाल के दौरान लोगों को पकड़-पकड़ कर नसबंदी की गई। डर के कारण लोगों ने बाजार जाना छोड़ दिया। मैं उस दौर की बात नहीं कहना चाहता हूं, लेकिन मंत्री जी ने जैसा कहा है कि किसी प्रकार की जोर-जबरदस्ती नहीं होगी, मैं आपसे सहमत हूं। लेकिन मुझे लगता है कि वह समय आ गया है जब बहुत कड़े कदम नहीं, बहुत कड़े कदम नहीं, लेकिन कुछ तो करना पड़ेगा, जिससे जनसंख्या पर रोक लगे। इन्सेंटिव की बात कही गई है। इन्सेंटिव देना चाहिए, लेकिन इसके साथ-साथ कोई प्रतिबंधात्मक कदम भी उठाना चाहिए, जिस तरह से चीन ने उठाया है। हम जनसंख्या पर रोक लगाने का कोई उपाय जरूर करें कि दो बच्चों को पैदा करने के बाद आपको फला-फला सुविधा नहीं मिलेगी। इस विषय पर सदन में चर्चा करके सभी दलों की राय लेने के बाद मैं समझता हूं कि कुछ न कुछ कड़े कदम दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ बिना राजनीति के उठाने की आवश्यकता है। अब वह समय आ गया है कि कुछ न कुछ कदम आने वाले एक, दो सालों में उठाने पड़ेंगे, जिनका परिणाम आने वाले समय में दिखाई देगा। बहुत लचीलापन दिखाने से काम नहीं चलेगा। यह समस्या विकराल होती जा रही है। आपने सही कहा है कि बाकी चीजों का उत्पादन तो हम कर लेंगे, लेकिन जमीन का उत्पादन कैसे बढ़ाएंगे? जमीन घटती जा रही है और जमीन के कारण इस देश में कानून और व्यवस्था की स्थिति खराब होती जा रही है। भूमि सुधार के लिए एजिटेशन्स चलते हैं, लेकिन जनसंख्या इस तरह से बढ़ती रहेगी, तो कोई एजिटेशन सफल नहीं होगा। हम कई तरह की योजनाएं बनाते हैं, लेकिन विस्फोटक जनसंख्या के कारण सारी योजनाएं फेल हो जाती हैं और आगे भी फेल होती जाएंगी।

आज हमारे देश की जनसंख्या विस्फोटक स्थिति में है। संसद में बड़ी गंभीर चर्चा हो रही है कि हम इसे कैसे रोकें? हम इसे रोक तो नहीं सकते हैं लेकिन इसे कम कैसे करें, इस पर चर्चा हो रही है। दूसरी तरफ इसी देश में प्रतिदिन हजारों लाखों की संख्या में बाहरी लोग, बांग्लादेशी आ रहे हैं और हम उन्हें रोकने के लिए गंभीर नहीं हैं। इसमें कहीं न कहीं राजनीति है। अपने देश की कीमत पर हम उन्हें संरक्षण दे रहे हैं, उन्हें संरक्षित कर रहे हैं। यहां लोगों के पास खाने के लिए नहीं है, रोजगार नहीं है, लोगों के पास काम नहीं है और दूसरे देशों से यहां लोग आ रहे हैं। अगर मैं चाहूं कि अपना राशन कार्ड बनवा लूं तो समय लगता है लेकिन बाहरी लोग हमसे पहले आइडेंटी प्रूफ बना लेते हैं, हर जगह ऐसा हो रहा है। झुग्गी झोंपड़ी की समस्या दिल्ली और मुंबई जैसे बड़े शहरों में है। यह समस्या बांग्लादेशियों के कारण है। इनके कारण कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है। इस पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। आप सबसे पहले बांग्लादेश इन्फिलट्रेशन को रोकिए और कड़े कानून बनाइए।

**सभापति महोदय :** आपके लिए जितना टाइम अलाटिड था आपने उससे डबल ले लिया है। अभी 26 और स्पीकर हैं।

**श्री सुशील कुमार सिंह :** मैं अपनी पार्टी से अकेला मैम्बर हूं। माननीय मंत्री जी, आप अपना मन कड़ा कीजिए, इच्छा शक्ति को दृढ़ कीजिए और प्रतिबंध लगाने के लिए उपाय सोचिए। हम आपको सुझाव देंगे तब जाकर अगले 20-25 वर्षों में देश की जनसंख्या पर नियंत्रण हो पाएगा। आपने ठीक ही कहा कि आदमी को सांस लेने के लिए भी लाइन लगानी पड़ेगी। मुझे खुशी है कि संसद इस विाय पर गंभीर है और इस गंभीर विाय पर चर्चा हो रही है।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

**श्री शरद यादव :** महोदय, यहां सबने बेटे और बेटियों की संख्या बताई है। पहले परंपरा थी कि एक घर में एक साधु बनता था। यहां महंत जी बैठे हैं, यह हमारे सामने उदाहरण हैं कि कैसे आबादी कम की जाए। इनके कोई बाल बच्चा नहीं है। अगर एक घर में एक साधु बन जाए तो आबादी कम हो जाए।

SHRI ABDUL RAHMAN (VELLORE): Thank you very much Mr. Chairman, Sir, for having given me an opportunity to participate in the discussion on stabilization of population. While the population growth worldwide is alarming, especially the growth rate and available development resources in Asian countries pose a tremendous problem primarily on the food and health fronts. Even though the economists are not accepting, the Malthusian theory of population is there. Some economists are accepting it is viable and it is to be corrected in the population growth in the world.

According to the Malthusian theory, the population grows at a geometrical progression whereas the available resources grow at arithmetical progression. Simply speaking, the growth rate of population does not match the foodgrain production to feed the exploding population which may result in confusion if steps are not taken to arrest the situation.

The World Conference on Population held at Cairo during the year 1994 explored the possibility of bringing down the population growth. Not only the population experts, but also the Governments are seriously thinking about population growth to be directly related to the development. According to the survey and the result released by the World Conference held at Cairo during 1994, if adequate measures are carefully carried out, the population growth can be very easily controlled.

Even though the rate of population growth depends on several factors, the main indicator is the birth rate and the death rate. While the death rate factor is beyond human approach of any country, India decided to launch the concept of family planning in 1952 to reduce the birth rate as the first country in the world. Unfortunately, the equilibrium between the death rate and the birth rate after 1952 did not match to achieve the desired results. The estimated population may touch around 1,263 million by the year 2016 from 971 million in 1998.

According to the survey done by the Technical Working Group on Population Projections of Planning Commission, on 11.5.2000, India was projected to have one billion people, which means 16 per cent of the world population in 2.4 per cent of the

land area of the globe. If this current trend continues, India may overtake China in 2045 to become the most populous country in the world. While the global population has increased three-fold during the last century from two billion to six billion, the population of India has increased five times from 230 millions to one billion in the same period.

Mr. Chairman, Sir, presently, more than 50 per cent of the population in India is in the reproductive age, in-between 14 years and 49 years, which may impart a momentum to population growth. At this moment, according to the detailed report of the Indian Government, we are facing a challenge in respect of population in certain States, very particularly in the States of Bihar, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh and Rajasthan. If you see the population of these few States, they are covering almost 50 per cent of the whole Indian population.

If one considers the factors behind this kind of population growth, it very clearly comes out that low literacy rates and higher levels of poverty are responsible for this. If you take certain States like Kerala, Tamil Nadu and other few States in India, where you see that the population growth has tremendously reduced, we can definitely see that the literacy rate is more. So, it means that the Government should take adequate steps to increase the literacy level in all the States wherever the rate of population growth is high.

Any legislation to implement the population stabilisation will result in anger and agony of the Indian population, irrespective of their caste, religion or creed. A positive and educational approach only shall have the desired results.

Indirectly speaking, higher literacy rate can bring the desired result in family planning and thereby pave way for population stabilisation.

At this moment, I would like to bring to your kind notice the ways in which we can bring down population and increase literacy rate. The Government should take adequate steps to conduct awareness programmes among the people by identifying certain States where illiteracy is too much. Even though, some States that are found to be more literate is appreciable like Kerala, Tamil Nadu and a few other States, yet in

these States also, in certain parts, we find that the population growth is enormous. If you see in depth the reason behind this, then you will find that in those States also -- wherever we find that illiteracy is more -- those parts are having enormous population growth.

How will we find out that illiteracy is alarmingly increasing? Further, within the literate States also we find that in certain parts, the number of illiterates is increasing. Every year, the Government should take measures to find out in which area illiteracy is found, and ways to increase the literacy rate in those areas. For this purpose, death rate and birth rate have to be accounted for on an annual basis in each and every State; within the State in each and every district; within the district in each and every Taluk; and within the Taluk in each and every part of that geographical area. We do not have to wait for a decade to pass to get a census done to find out the literacy rate of each and every part of the country. The Government should have a proper count of birth rate and death rate by taking such measures at least once a year, and for this the death registration and birth registration should be made compulsory. Though, it is officially announced by the Government that this procedure should be followed, yet the process is not being followed stringently by the Government.

So, I would like to conclude by taking this opportunity to mention that population can be controlled only in two ways. One is by increasing the literacy rate, and the other is by decreasing or wiping out high levels of poverty.

Thank you very much for having given me the opportunity.

**16.58 hrs.**

**STATEMENTS BY MINISTERS (C0ntd.)**

**(ii)Situation in Jammu and Kashmir**

MR. CHAIRMAN: Now, the hon. Minister of Home Affairs will make a statement.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): Mr. Chairman, I make this statement in response to the request made by hon. Shri L. K. Advani and many other hon. Members.

The situation in the State of Jammu & Kashmir continues to be a cause for concern. It has taken a serious turn in recent days. Beginning June 11, 2010, there has been a cycle of violence threatening law and order and public peace. The violence in the State has followed a certain pattern. Usually, the violence is triggered by stone pelting by large crowds and their targets of attack are police stations, police outposts and other public property.

In the discharge of their duty to maintain law and order, the security forces have been compelled by the situation to resort to lathicharge and, if the lathicharge failed to yield results, to tear-gassing. When all attempts to control the crowds failed and there was the danger of the crowds over-running the police station or police outpost, the security forces have been compelled to resort to firing. While the security forces have been advised to deal with the crowds in a restrained manner, the relentless stone pelting and the danger of police stations and police outposts being overrun have compelled the security forces to use force both in self defence and in order to protect public property.

**17.00 hrs.**

There have been 39 civilian deaths since June 11, of these 22 deaths have occurred since July 30, 2010. Each case of death has been followed by more protests, stone-pelting and violent attacks. There have been instances where the security forces have been fired upon by someone in the protesting crowds. There is reliable intelligence that some armed militants may have mingled with the crowds and fired at the security forces.

Sir, the Central Government deeply regrets the loss of lives in Jammu and Kashmir. Many of them were young men and children. I convey our deepest sympathies to the families of the deceased. A number of people have also been injured and the State Government has assured that they will be given the best medical treatment. Even while we regret these incidents, I would appeal to the people of Jammu and Kashmir to put an end to the current cycle of violence. I have a special appeal to parents: your children's safety and welfare is our paramount consideration – as it must be yours – and I would urge you to ensure that they do not join the violent protests.

Sir, it is my duty to point out that the security forces have conducted themselves with commendable restraint in a highly volatile situation. They have shown courage and fortitude. There has been a total of 872 stone pelting incidents in June and July, 2010. One thousand two hundred and sixty-six security personnel have been injured in the last two months alone. On August 2, 2010, the Chief Minister chaired a meeting of the Unified Command in Srinagar. I am confident that the security forces will discharge the responsibilities entrusted to them by the State Government and restore law and order and maintain peace.

On August 2, 2010, after a meeting with the Prime Minister, the Chief Minister appealed to the people of Jammu and Kashmir to put an end to the cycle of violence and maintain peace. He offered a dialogue for the redressal of grievances, including a dialogue to resolve the political issues that concern the people of Jammu and Kashmir. Delegations of Ministers have been sent to the affected districts. Earlier, an all Party meeting was convened in Srinagar on July 12, 2010 and certain administrative measures,

including ex-gratia payments to the next of kin of those killed in the violence, were announced.

The Government of Jammu and Kashmir is actively considering a number of political and administrative measures that will help restore normalcy in the State. However, the Chief Minister, while affirming his commitment to take certain political and administrative measures, has made it clear that the current cycle of violence would have to end before he can take the initiative in this regard. The Central Government endorses his appeal and sincerely hopes that the cycle of violence will come to an end immediately.

Sir, Government's policy on Jammu and Kashmir has been declared on many occasions. We recognize that the issues concerning Jammu and Kashmir are issues concerning our own people; and they have to be addressed through the political process and through a dialogue with all sections of the people of Jammu and Kashmir. Government has always favoured a dialogue. In fact, in 2009, the Central Government initiated a "quiet dialogue" with key political groups and individuals. I had hoped that the dialogue would open a window of opportunity to activate the political process in order to find solutions. However, that dialogue was interrupted on December 4, 2009, when there was an attempt on the life of Shri Fazl-ul-Haq, a leader who favoured dialogue, and he was seriously injured.

I may assure this House that adequate forces are available to the Government of Jammu and Kashmir.

Sir, in conclusion, I would urge all sections of the people of Jammu and Kashmir to heed the voices of reason and desist from violent protests. Mindless violence and destruction of public property will not lead to any solution. On the contrary, they will result in loss of lives and injuries to the protestors, an outcome that is entirely avoidable and that should be avoided at all costs.

The people of Jammu and Kashmir have elected a Government and they must repose their faith in that Government to find solutions to the problems of Jammu and Kashmir. Once peace and order are restored, I am confident that we can explore the possibility of

महोदया, जिन आठ स्टेटों की बात कही जा रही है कि वे पीछे छूट गए हैं, उसमें आपको सबसे पहले यह समझना होगा कि वे पीछे क्यों छूटे हैं। इनके पीछे छूटने का सबसे बड़ा कारण हैं- गरीबी और अशिक्षा। जब तक गरीबी और अशिक्षा से उबरेंगे नहीं, तब तक ये पीछे रहेंगे और इन्हें गरीबी और अशिक्षा से ऊपर लाना आपके मंत्रालय के लिए बहुत मुश्किल काम है। यह तो पूरी सरकार का काम है और इसमें बहुत समय लगेगा, लेकिन इन जगहों पर हम कम से कम इंसेंटिव दे सकते हैं।

महोदया, आज हम हर काम को लाभ और हानि की दृष्टि से देखते हैं, फिर चाहे कोई भी काम हो। आज अगर हम कोई राजनैतिक कदम भी उठाते हैं, तो उसमें भी लाभ और हानि देखते हैं। एन.आर.एच. एम. में बच्चा पैदा करने के लिए 1600 रुपए दिए जाते हैं और बच्चा बन्द करने के लिए 500 रुपए दिए जाते हैं। अब आप ही बताइए कि फायदा किस में है, बच्चा पैदा करने में या बच्चा बन्द कराने में? सबसे पहले आपको एन.आर.एच. एम. की इस सोच को बदलना पड़ेगा। मैं माननीय सुप्रिया सुले जी का आभारी हूं कि उन्होंने जो सतारा की बात कही, वह चीज पहले पूरे हिन्दुस्तान में लागू करनी चाहिए। एन.आर.एच. एम. का एक इश्यू होना चाहिए कि जो बच्चे बन्द कर रहे हैं उन्हें हम ज्यादा इंसेंटिव दें, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।

महोदया, मैं एक चिकित्सक रह चुका हूं और सरकारी अस्पताल में भी एक डॉक्टर के रूप में कार्य कर चुका हूं। मैं एक बात आप सभी को बताना चाहूंगा कि मेरे यहां सरकारी अस्पताल में एन.आर.एच. एम. यानी जननी बाल सुरक्षा का जिस दिन पैसा बंटता है, उस दिन मेला सा लग जाता है। मैंने स्वयं एक महिला को दूसरी महिला से यह कहते हुए सुना है कि देखो, वह तीसरी महिला कितनी भाग्यशाली है कि तीन महीने में वह दुबारा प्रिगनेंट हो गई। हमें पहले यह सोच बदलनी होगी। हम यहां बैठकर यह सोच लेते हैं कि गरीब बहुत बच्चे पैदा कर रहे हैं और उन पर भार पड़ रहा है, लेकिन गरीबों से आप पूछिए, जब वह पांच बच्चे पैदा करता है, तो वह यह नहीं सोचता कि उस पर भार बढ़ रहा है, वह तो यह सोचता है कि मैं अपने पांच हाथ और क्रिएट कर रहा हूं। सबसे पहले हमें इस मानसिकता को बदलने की जरूरत है। वह सोचता है कि पांच बच्चे होंगे तो पांचों खेत में

काम करेंगे और ज्यादा पैदा करेंगे। आप उसे कुछ भी समझाइए, वह नहीं समझता। इसलिए सबसे पहले जरूरी है शिक्षा देने की और उसकी गरीबी दूर करने की।

महोदया, जो हम प्रचार करते हैं, मुझे लगता है कि उस पर हमें ज्यादा ध्यान देना चाहिए। हिन्दुस्तान में जो आई.ए.एस और आई.पी.एस. ऑफीसर हैं या जो 10 लाख रुपए प्रति वर्ष से ज्यादा कमाने वाले हैं और 50 साल से कम के जितने भी सांसद हैं, एक बार उनके कितने बच्चे हैं, यह डाटा लीजिए और रिलीजन वाइज डाटा लीजिए, फिर चाहे वह हिन्दू हो या मुसलमान। जो भी अमीर हैं या पढ़े-लिखे हैं, वे दो या दो से कम ही बच्चे पैदा कर रहे हैं और जो गरीब हैं, वे ज्यादा बच्चे पैदा कर रहे हैं। आप उनके सामने यह एग्जाम्पल रख सकते हैं कि इस कॉम में इतने आई.ए.एस. हैं, इतने आई.पी.एस. हैं और इतने मंत्री हैं, इनके कितने कम बच्चे हैं, फिर तुम क्यों ज्यादा बच्चे पैदा कर रहे हो?

मैं आपका ध्यान पुनः एन.आर.एच. एम. में जो आपने 1600 रुपए फिक्स किए हैं, उसकी तरफ दिलाते हुए कहना चाहता हूं कि आपने उसकी आत्मा की हत्या कर दी है। एन.आर.एच.एम. का मुख्य उद्देश्य था कि जब पहली बार महिला तीन महीने की गर्भावस्था में अस्पताल आए, तो उसे 100 रुपए मिलेंगे। उसके बाद छः महीने की गर्भावस्था में आएगी, तो 200 रुपए मिलेंगे और जब डिलीवरी होगी, तो 400 रुपए मिलेंगे। इसके बदले हर जगह क्या हो रहा है कि बच्चा जब पैदा हो जाता है, तो उसे 1600 रुपए दे देते हैं। इसलिए नौ महीने तक कोई आशा ध्यान नहीं देती है कि वह महिला को अस्पताल ले जाए या उसे पहले दिखाए। ऐसा नहीं होने के कारण ही हमारी मैटर्नल मॉर्टेलिटी रेट और इन्फेंट मार्टेलिटी रेट नहीं घट रही है।

क्योंकि आशा कार्यकर्ता अस्पताल में वेट करती है कि कब मेरे गांव की महिला आएगी, उसका बच्चा पैदा होगा, हम रजिस्ट्रेशन कराएंगे और पैसा लेंगे। इसीलिए इसका बिल्कुल फर्म नियम होना चाहिए कि जब तक उसकी पहली बार जांच नहीं हो तो यह पैसा कट जायेगा, दूसरी बार नहीं हो तो यह पैसा कट जायेगा, क्योंकि एन.आर.एच.एम. की आत्मा में यह शामिल था और जब पैसे कटने की बात होगी तो वह खुद आशा कार्यकर्ता महिला को लेकर हर हालत में अस्पताल जाएगी और मोर्टेलिटी रेट और इन्फेंट मोर्टेलिटी रेट दोनों में सुधार होगा।

इसके बाद मैं चाहूंगा कि 2012 में जैसे सर्वशिक्षा अभियान आ रहा है तो क्यों नहीं हम 2012 में एक टार्गेट फिक्स करते हैं कि अब तक जो हो गया सो हो गया, लेकिन 2012 के बाद जिसके भी दो से ज्यादा बच्चे पैदा होंगे, उन्हें हम सांसद, विधायक नहीं बनने देंगे, उन्हें बी.पी.एल. परिवार का लाभ नहीं मिलेगा। वहीं अगर कोई दो बच्चे से पहले कोई बच्चे बन्द कराता है तो उसे इन्दिरा आवास योजना में दो यूनिट्स एलाट करेंगे। इससे गरीबों को एक इन्सेंटिव मिलेगा।...(व्यवधान) यह 2012 के बाद के लिए है। मैं भी वही कह रहा हूं।

आपको गरीबों को इन्सेंटिव देने की जरूरत है, अमीर और पढ़े-लिखे तो खुद ही ठीक हैं। आप कहीं पर भी वह रेश्यो उठा लीजिए, उनका रेश्यो ठीक है। वैसे ही आप इन्कम टैक्स में रिबेट दीजिए, जो दो या एक बच्चे पैदा करते हैं। अब जैसे आप महिलाओं को अलग से रिबेट देते हैं, आप कम बच्चे वालों को भी रिबेट दीजिए। इसी तरह से 10 हजार रुपये जैसे माइनोरिटीज़ को टेंथ पास करने के ऊपर इन्सेंटिव दिया जाता है, गांव में कोई भी लड़की अगर दसवीं कक्षा पास करती है और वह अनमैरिड होती है तो हम उसे भी 10 हजार रुपये दें। आप उससे बहुत बड़ा पोपुलेशन कंट्रोल कर लेंगे, लैजिस्लेशन से तो आप कंट्रोल करके देख चुके। आप यह फिक्स कीजिए कि टेंथ क्लास जो गांव की लड़की पास करती है और अनमैरिड है, हम उसे 10 हजार रुपये इन्सेंटिव देंगे। वह 12वीं कक्षा पास करती है तो हम फिर उसे 10 हजार रुपये देंगे। इससे जो 18 साल की लड़कियां हैं, उनको फायदा होगा। अब तक आपको कोई फायदा नहीं हुआ, लेकिन इन्सेंटिव देने से जरूर पोपुलेशन कंट्रोल होगा।

मैंने बिहार में देखा है कि 2005 तक पांच बजे शाम के बाद महिलाओं को तो छोड़िये, कोई पुरुष तक बाहर नहीं निकलता था और अमेरिका जैसे देश में 9/11 के बाद जब फर्टिलिटी रेट बढ़ गया तो बिहार के जिस गांव में पांच बजे के बाद जब पुरुष और महिलाएं बाहर नहीं निकलेंगी तो फर्टीलिटी रेट तो बढ़ना ही है। हमने अभी क्या किया है कि बच्चियों को नवीं कक्षा में एक-एक साइकिल दी है, नवीं कक्षा में जो बच्ची आ जाती है। उसके चलते हम गांवों में देख रहे हैं कि आज पचासों लड़कियां साइकिल लेकर गांवों में निकलती हैं तो हमें भी बहुत अच्छा लगता है। उसी तरह से हमें एक तरफ इन्सेंटीवाइज़ करने की जरूरत है और जो सरकारी नौकरी में हैं, अगर वह तीसरा बच्चा पैदा करता है, जब वह हमारी नेशनल पॉलिसी के खिलाफ है तो हम क्यों नहीं उसकी सी.आर. से एक प्रमोशन काट लेंगे। इसी तरह से पहले से यह नियम रहेगा तो कोई तीसरा बच्चा पैदा नहीं करेगा, इसलिए थोड़ा सा हार्ड होकर और सॉफ्ट होकर इन्सेंटिव, दोनों देकर हम इस कानून में बहुत कुछ सफल हो सकते हैं।

SHRIMATI BOTCHA JHANSI LAKSHMI (VIZIANAGARAM): Madam. Chairman, Sir I thank you for giving me an opportunity to speak on this very important subject.

First of all, I would like to congratulate the hon. Minister of Health for his serious commitment and concern to move this motion in this august House.

Since independence controlling and stabilization of population growth is one chief focus area of any Government. In spite of all the efforts, the population of the country has increased from 53 crore in 1901 to 101 crore in 2001, in 2009 to 119.8 crore and growing at a rate of 1.4 per cent over the last five years; and I am afraid, if it grows at this rate, India will overtake China by 2050. If this happens in the next forty years, sustainable development will be unattainable in our country. Then, all the economic development will be of no use. All the hon. Members have touched the point about the seriousness of this problem.

This is a serious problem and continues to be so. For all the problems our country is facing, we say the reason is population explosion. Even our hon. Health Minister said while initiating this discussion that population is also one main reason for price rise in our country.

If we go back to the year 2000, it would be clear that the immediate objective of the National Population Policy, 2000 is to address the unmet needs for contraception, health care infrastructure and health personnel, and to provide integrated service delivery for basic reproductive and child health care. The medium-term objective is to bring the TFR (Total Fertility Ratio) to replacement levels by 2010 through the vigorous implementation of inter-sectoral operational strategies. In this connection, I would like to mention that the long-term objective is to achieve a stable population by 2045, at a level consistent with the requirements of sustainable economic growth, social development and environmental protection.

If we go a little back to 1953, it would be clear that the Family Planning Research and Programme Committee, in its first meeting in July, 1953 took a comprehensive and broad view and I quote from its report:

> "The Committee emphasized that the family planning programmes should not be conceived of in the narrow sense of birth control or merely of spacing of birth of children. The purpose of family planning was to promote, as far as possible, the growth of the family as a unit or society, in a manner designed to facilitate the fulfillment of those conditions which were necessary for the welfare of the unit from the social, economic and cultural points of view. The functions of a family planning centre include sex education, marriage counseling, marriage hygiene, spacing of children and advice on such other matters, including on infertility, as necessary to promote welfare of the families."

It is a pity that it paid a lip-service to the rationale and sane advice of the Family Planning Research and Programme Committee in 1953 and instead adopted disjointed, verticalised and top-down contraceptive programmes with targets of sterilization integrated with maternal child health, nutrition, etc. The programmes have not yielded the desired results. On the other hand, issues like gender equity, malnutrition and lack of reproductive rights and choices are key factors contributing to the population growth. For example, the sex ratio stands at 933:1000. As a population stabilization policy, if we go in for a one-child norm, it would further lead to female infanticide and foeticide. In other words, population control has discouraged the birth of girl child. In view of the high infant mortality rate, going in for the one-child norm is also not desirable. For example, in 1961, the IMR was 115 per thousand live births. The current all-India average is 50 per thousand. However, in most developed countries, it is less than five. Population and demographic stabilization, and female literacy play a crucial role. For example, in the State of Kerala, the sex ratio is 1058 per thousand. The infant mortality rate is also very less because all are very well educated. Our State also implements the Girl Child Protection Scheme to curtail foeticide.

For the overall development of the family, it is just not the birth control but the economic development of the women with literacy which is important. This we should start from the lower socio-economic strata of women. An educated woman with self-sufficient economic status is in a better position to take the family forward in the economic development.

It is pertinent to recall what Norman Borlaug, the lone Nobel Laureate in Agriculture and the man credited with feeding the humanity has said in 1970 in his acceptance speech. I quote:

> "There can be no permanent progress in the battle against hunger until the agencies that fight for increased food production and those that fight for population control unite in a common effort. Fighting alone, they may win temporary skirmishes, but united, they can win a decisive and lasting victory to provide food and other amenities of a progressive civilization for the benefit of all mankind."

It is not only true of food production but also about providing quality of life to the people, which involves efficient management of the natural resources which are very scare in our country. … (*Interruptions*) We have the world's largest illiterates and children and women suffering from malnutrition.

The UNDP has placed India at 134th rank in terms of human development indices.

MADAM CHAIRMAN : Nothing will go on record.

*(Interruptions)* … *

---

* Not recorded

MADAM CHAIRMAN : Nobody is concluding in one or two minutes. This is not correct.

… (*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN : I request all the hon. Members, who want to speak, to speak only for one minute. Please cooperate with the Chair. Otherwise, I will call the hon. Minister to reply.

**श्री आर.के.सिंह पटेल (बांदा):** सभापति महोदया, मैं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय पर यहां चर्चा करवाने का मन बनाया और इसके लिए भी धन्यवाद कि उन्होंने 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर सब माननीय सांसदों को मुंतखब बनाने का आदेश जारी किया। इस विषय पर बहुत सी बातें आई हैं। मैं बात को ज्यादा लम्बा नहीं करना चाहता। मैं एक शेर के साथ अर्ज करना चाहता हूं -

तमन्ना सच्ची होती है तो रास्ते निकल आते हैं
और तमन्ना झूठी होती है तो बहाने बन जाते हैं।

अगर आप सच्ची तमन्ना लेकर बर्थ कंट्रोल की बहस में आए हैं तो मेरा अनुरोध है कि आप सरकार में बैठे हैं और तमाम ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ आम आदमी तक जाता है। अभी हमारे माननीय सदस्य ने एक योजना बताई। गांवों में आशा बहु होती है। आप एक बच्चा पैदा करवाने के लिए 1600 रुपये इनाम देते हैं। हम कहते हैं कि 1600 रुपये की बजाए 16,000 रुपये इनाम दे दीजिए। लेकिन यदि कोई एक बच्चा पैदा करे तो उसे 16,000 रुपये, दूसरा बच्चा पैदा करे तो कोई इनाम नहीं और तीसरा बच्चा पैदा करे तो उसे भारत सरकार द्वारा दी गई सारी सुविधाओं से वंचित कर दिया जाए। अगर इस तरह का कोई कड़ा कानून बनाएंगे तो कुछ होगा। कानून दो तरह से लागू होता है - भय और लालच। भय आप दे नहीं सकते इसलिए लालच दीजिए। हमारे देश में लालच काम करता है। यदि आप लालच देकर ऐसा काम करेंगे तो निश्चित तौर पर जनसंख्या वृद्धि पर कंट्रोल होगा।

**श्री विजय बहादुर सिंह (हमीरपुर):** सभापति महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। समय बहुत कम है, इसलिए मैं एक बात रिपीट नहीं करूंगा और न ही एक आंकड़ा देना चाहूंगा। मैं एकदम एसैंस की बात बताना चाहता हूं। मैं एसैंस बताने से पहले यह बताना चाहता हूं कि बहुजन समाज पार्टी की गंभीरता देखिए कि हम इसमें पूरी स्ट्रैन्थ से हैं। इससे यह जाहिर होता है कि इसका कानून से कोई मतलब नहीं है। इन्होंने एक बार कानून बनाया था तो once bitten twice shy, एकदम साफ हो गए थे। इसमें सामाजिक परिवर्तन होगा। मैं आजाद साहब से सौ प्रतिशत एग्री करता हूं कि यह व्यवस्था कानून से नहीं होगी। अगर हम युद्ध स्तर पर जुट जाएं, इन्होंने जिस तरह बढ़िया आरग्यूमैंट पेश किया कि जब हम लोग दो महीने में सरकार पलट देते हैं, अगर वह इच्छा सबमें आ जाए, मैं इलैबोरोट नहीं करता, इसे पांच हिस्सों में बांटना चाहता हूं। पहला, यह वॉलंट्री होना चाहिए। यह स्टे आर्डर और कानून से नहीं हो सकता, प्रेम वाली बात है। दूसरा, अवेयरनैस। मेरा फार्म हाउस है और मैं पेशे से इलाहाबाद में 38 वर्षों से लॉयर हूं। गांवों में गरीब लोग पूछते हैं कि कंट्रासैपटिव मिलता कहां है। वे जानते ही नहीं हैं। इन्होंने जो योजना बनाई है, अगर घर-घर में कंट्रासैपटिव पहुंचा दें तो इसका रिज़ल्ट तुरंत आ जाएगा। तीसरा, जो टैक्नीकल एडवांसेज़ हैं।

जैसे एक बार बात आयी थी कि फैमिली प्लानिंग का जो आपरेशन होता है, सभापति जी, शायद इसे आपने ही बताया था कि महिलाओं में वह 95 परसेंट और पुरुषों में एक या दो परसेंट होता है। इसका भी लेटेस्ट टेक्नोलॉजिकल डेवलपमैंट होना चाहिए। लेकिन असली दो बातें हैं। आप रिवार्ड दीजिए और इंसेंटिव में दूसरे को पनिश मत कीजिये। जिसका एक बच्चा है, मुझे एक बार चीन जाने का मौका मिला। मैंने वहां की फर्स्ट सैक्रेट्री से बात की, तो उन्होंने बताया कि वहां दूसरे बच्चे के बारे में कोई कल्पना ही नहीं कर सकता। उनको न एडमिशन मिलता है, उनकी स्कॉलरशिप कट जाती है, उनको सर्विस में प्राब्लम होती है। आप रिवाड्र्स को बढ़ा दीजिए। आप रिवाड्र्स को इतना ज्यादा बढ़ाइये कि उसका रिजल्ट आ जाये। आप एडमिशन में, उनकी सर्विस में, बैंक लोन्स में उनके रिवाड्र्स को बढ़ा दीजिए। अंत में एजुकेशन का मुद्दा आता है। ...(व्यवधान) कांग्रेसी लोग समझ नहीं पायेंगे। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आप दूसरी बात मत कीजिए।

...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री विजय बहादुर सिंह :** इनकी गलती नहीं है क्योंकि ये घबरा रहे हैं। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया:** आप अपनी बात पूरी कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री विजय बहादुर सिंह :** मैं आजाद साहब को बधाई देता हूं कि इन्होंने कितना ब्रेव कदम लिया है कि 33 साल बाद कम से कम इनमें क्षमता आयी।

अंत में मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि हमारे उत्तर प्रदेश में, मुख्य मंत्री जी ने ...(व्यवधान) वही राज करेंगी, आप घबराइये नहीं। जो लड़की हाई स्कूल पास करती है, उसे दस हजार रुपये और साइकिल देते हैं। जो लड़की इंटरमीडिएट में जाती है, उसे पन्द्रह हजार रुपये देते हैं और अगर लड़की पैदा होती है, उसके नाम से एक लाख रुपये का बीमा हो जाता है और जब वह 18 साल की होती है, तो उसे एक लाख रूपये मिलते हैं। इससे भ्रूण हत्या और सैक्स को किल कराने का मामला खत्म होगा। हम अपना स्वार्थ देखते हैं। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** आपको बोलते हुए पांच मिनट से ज्यादा हो गए हैं, इसलिए अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री विजय बहादुर सिंह :** आप इतनी लंबी बहस कर रहे हैं। इसको आप इम्प्लीमैंट कीजिए और कानून से मत कीजिए। आप इस बारे में अवेयरनैंस कराइये और बेस बनाइये। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** कमल किशोर जी, आप बोलिये।

**श्री विजय बहादुर सिंह :** मैं दूसरी बात बताना चाहता हूं।

**सभापति महोदया :** विजय बहादुर सिंह जी, अब आपकी कोई भी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है, इसलिए आप बैठ जाइये।

केवल कमल किशोर जी की बात ही रिकार्ड में जायेगी। उसके अलावा किसी की कोई बात रिकार्ड में नहीं जायेगी।

...(व्यवधान) *

---

* Not recorded

**श्री कमल किशोर कमांडो (बहराइच):** सभापति महोदया, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं स्वास्थ्य मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं, जो बहुत हिम्मत जुटाकर इस प्रस्ताव को सदन मे लाये हैं। यहां बहुत सारी बातें हो गयीं जिन्हें मैं सुनता रहा। सबसे बड़ी बात यह है कि अगर जनसंख्या को रोकना है, तो शिक्षा जरूरी है। मैं जिस इलाके से आता हूं या जिन इलाकों में घूमकर देखा है, हिन्दुस्तान के चारों तरफ मुझे नहीं लगता है कि कोई भी ऐसा इलाका है, जिसे मैंने न देखा हो। जो लोग केवल झुग्गी-झोंपड़ियों में रहते हैं, वहां से संख्या बढ़नी शुरू हो जाती है। आप लोग अपनी आंखें खोलकर देखिये। गरीबी तभी दूर हो सकती है जब सबको शिक्षा मिलेगी। शिक्षा पर अगर हम लोग ध्यान देंगे तो आटोमेटिकली जनसंख्या पर बिल्कुल असर पड़ेगा।

अभी माननीय सदस्य बात कर रहे थे। मैं उत्तर प्रदेश की बात करना चाहता हूं जहां आज भी लोग जंगलों में वास करते हैं। वनवासी, जहां वनगांवों में आज भी वास करते हैं, उन वनगांवों में आज छोटी झोंपड़ी डालकर एक परिवार, जहां अपंग लोग रहते हैं, उनके चार-चार बच्चे हैं।

इसका कारण यह है कि वे शिक्षित नहीं हैं। अगर हम शिक्षा पर ज्यादा ध्यान देंगे तो निश्चित रूप से यहां की आबादी कम होगी। अभी बीएसपी के माननीय सदस्य बोल रहे थे, वह समय याद कीजिए जब इंदिरा गांधी जी ने इस तरह का कदम उठाया था, उस वक्त हम लोगों को बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। मैं वर्ष 1976-77 की बात कर रहा हूं। ...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN : Shri S.K. Bwiswmuthiary ji.

… (*Interruptions*)

**श्री कमल किशोर 'कमांडो' :** आज हमारे स्वास्थ्य मंत्री जी ने यह कदम उठाया हुआ है।...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) …* *

**श्री कमल किशोर 'कमांडो' (बहराइच) :** मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

MADAM CHAIRMAN: Shri S.K. Bwiswmuthiary *ji*, speak for only two minutes; not more than that.

* Not recorded

SHRI SANSUMA KHUNGGUR BWISWMUTHIARY (KOKRAJHAR): Madam, on 23rd of July, last month, there was a meeting at Room No. 53 among different political Parties, and it was decided that a single-Member Party will be allowed to speak sufficiently.

आपने मुझे इस मामले के ऊपर कुछ बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं और साथ ही साथ वर्तमान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री आजाद जी को मैं बधाई देना चाहता हूं। हिन्दुस्तान की जनसंख्या में आज जो विस्फोट हुआ है, वह देश के लिए एक बहुत खतरनाक स्थिति बन गयी है। यहां बैठे हुए जितने आदरणीय सांसदों ने अपने परामर्श दिए हैं, मैं उन सभी से सहमत हूं, लेकिन मेरा कहना है कि जबर्दस्त, खतरनाक कानून बनाकर, उसे इम्पोज करके इस मिशन को कभी सफल नहीं कर पाएंगे। It can be done only through voluntary persuasion. Here again I would like to say कि अगर कोई जबर्दस्त कानून बनाकर हिन्दुस्तान के लोगों को अगर दबाना चाहे, इम्पोज करना चाहे, तो करे, लेकिन हमारे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों ऊपर उसको कदापि लागू नहीं करना चाहिए। आज हिन्दुस्तान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति लोगों की आबादी इतनी ज्यादा नहीं है। आज हिन्दुस्तान में जितनी बड़ी-बड़ी पोलिटिकल पार्टीज हैं, जितने बड़े नेता हैं, उनकी सोच में भी बदलाव लाना होगा। आज क्या हो रहा है? इस हाउस में 545 सांसद हैं, जब मंत्रिमंडल बनाते हैं, कुछ संवेदनशील मुद्दों पर जब बहस या चर्चा होती है, तो नंबर-गेम चलता है। अगर आप इस कल्चर को हमेशा लागू करते रहेंगे, then why would the tribal people of India reduce their population? Rather they would try to increase their population.… (*Interruptions*)

What is happening nowadays in the State of Assam? नेचुरल ग्रोथ के कारण से हिन्दुस्तान की जनसंख्या वृद्धि में इतनी खतरनाक सिचुएशन पैदा नहीं हुई। Apart from the natural growth, there is unnatural growth of the population by way of huge influx of illegal migrants into Assam from the neighbouring countries like Bangladesh etc. . वहां के जितने इंडिजनस लोग हैं, उनकी हालत बहुत खराब है। What kind of policy the Government of India is going to adopt in this regard? This is my vital question. What kind of medical and health care facilities, what kind of educational facilities are going to be given to the backward and tribal areas? This is a very vital question.… (*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN: Nothing else will go on record.

*(Interruptions) …* *

**श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी :** मैडम, इसी के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

* Not recorded

*SHRI J.M. AARON RASHID (THENI): In India/ China population is increasing. We have to bring awareness among the people and the important community leaders. A government consultation among the leaders of community can be called for in all districts. Because of over population our people are not getting jobs. We are going to foreign countries like Singapore/ Malaysia/ Dubai/ Saudi Arabia etc. There they are exploited. We have to see that other human resources should be strengthened. The NDA is particularly speaking about minorities for population growth. It is really not the old days of thakurs giving birth to 10 to 14 children. We have to bring awareness of population growth in remote villages and hilly areas where SC/ ST/OBC and minorities are living. Going on accusing a particular community is not fair on our part. Now minorities are giving birth to one or two children only in these days. It is very difficult to maintain the family, to give education and getting jobs. Minority has been sidelined.

I request the Government of India to give job reservation to minorities as you have already given to SC/ST.

The Government should encourage small families who are having one or two children by giving free education and government job assurance. Rural hospitals are there but without doctors / nurses and adequate medicines. The UPA Government should bring all rural hospitals on line and doctors and other staffs attendance should be strictly maintained in the larger interest of our country.

By going on bringing computer revolution in all sectors, many will become jobless like in US/ USSR. The Government have to stop child marriages. The Government should bring awareness programmes through NGOs and other social welfare organizations. Our population growth is increasing like China and in another 10 years we may cross China also.

If population increases, the government also have many things to do – to give water, electricity, good food and other facilities like education/ job / house etc. To avoid all these, the Government have to bring good schemes and incentives to those who have

* Speech was laid on the Table

only one children. If they have two, somewhat less so that the family may not have more than two children. I welcome this motion and with these words I conclude.

**20.00 hrs.**

**सभापति महोदया :** आठ बज रहे हैं,अभी एक और माननीय सदस्य को अपनी बात कहनी है। मैं उनसे निवेदन करूंगी की वह एक मिनट में अपनी बात समाप्त करें। उसके बाद मंत्री जी जवाब देंगे इसलिए हम सदन का समय आधा घंटा और बढ़ाकर साढ़े आठ बजे तक कर देते हैं।

**डॉ. प्रभा किशोर ताविआड (दाहोद):** सभापति महोदया, मैं आपकी बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया। मैं एक गायनोक्लोजिस्ट हूं। मुझे आज बहुत खुशी हुई कि सदन में आज से 35 साल पहले इंदिरा जी ने बहुत दूरदर्शिता दिखाई थी और इस मुद्दे को रखा था। आज फिर उस विषय को यहां उठाया गया है, मैं उसकी प्रशंसा करती हूं और मुझे इस बात की बहुत खुशी है। अगर उस समय जो अभियान इंदिरा जी ने शुरू किया था, अगर उस पर अमल किया जाता, तो आज भारत की तस्वीर कुछ और होती। इस अवधि में गंगा में पानी बहुत बह गया और हिन्दुस्तान की आबादी भी बहुत बढ़ गई। आज कहा जाता है - हम दो, हमारे दो। मैं मंत्री जी को बधाई देते हुए एक अन्य स्लोगन देना चाहती हूं -पहला बच्चा अभी नहीं और दो के बाद कभी नहीं। अगर हम इस पर अमल करें, तो आबादी पर कंट्रोल किया जा सकता है। वैसे हमने इस सम्बन्ध में काफी बातें की हैं, लेकिन मैं एक बात कहना चाहूंगी। Education is an important factor; employment is also an important factor. We can extend the facility of compulsory and free education for ladies up to the age of 18 years. Priority is to be given to ladies in employment. Supposing, there is one vacancy and for it one girl and one boy have applied, priority should be given to the girl.

Madam, you would find that the ladies who are doing jobs are always adopting the family planning. At the level of Zila Panchayat, Taluka Panchayat and Gram Panchayat, we are implementing two child norm. But you would find that many MPs and MLAs are not following this norm. Even persons in the Government services are not adopting this norm. I have seen even so many Class I officers who are having three to four children. This is the situation now.

In regard to पहला बच्चा अभी नहीं और दो के बाद कभी नहीं, temporary means are very effective, like copper-T etc. I know it because I am a gynaecologist. Many incentives are being given.

I know time is very less and so many speakers are still there to participate. In the end I would say that if we create awareness, everybody would start following these norms in each and every castes and community. I have seen it happening. I was practising in Godhra and I saw these family planning measures implemented there.

With these few words, I conclude.

[*] **श्री नारायण सिंह अमलाबे (राजगढ़):** आज जनसंख्या स्थिरीकरण प्रस्ताव जो स्वास्थ्य मंत्री जी ने रखा है, मैं उसका स्वागत करता हूं और इसके बारे में अपनी बात कहना चाहता हूं।

1. जनसंख्या स्थिरीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बालिका शिक्षा के लिए केन्द्र सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उससे जागरूकता आएगी और आने वाले समय में निश्चित रूप से जनसंख्या स्थिरीकरण का जो कदम उठाया है, उसमें सफलता मिलेगी।
2. गरीबी भी बढ़ती जनसंख्या का एक कारण है। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना जब से चली है, उसके बाद बेरोजगारी मिटने लगी है, लोगों को रोजगार और सारी सुविधाएं मिल रही हैं, पूरे देश में गरीबी कम हो रही है और इसके साथ ही साथ जागरूकता भी आ रही है। निश्चित रूप से इस योजना का लाभ मिलेगा और इससे बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगेगी, जागरूकता आएगी।
3. ग्राम पंचपायतों में जो महिला आरक्षण लागू हुआ है, उससे भी जनसंख्या पर रोक लगेगी।
4. राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत गांव-गांव तक बिजली पहुंचेगी और टीवी एवं मनोरंजन के साधन जब गांव-गांव में पहुंचेगे और वहां लाइट मिलेगी तो निश्चित रूप से बढ़ती जनसंख्या पर रोक लगेगी।

[*] Speech was laid on the Table

**श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर):** सभापति महोदया, मैं एक बात कहना चाहता हूं कि मंत्री जी ने एक अच्छा कदम उठाया है। लेकिन जो आंकड़े विवाह और मृत्यु दर के सम्बन्ध में आए हैं, उन पर मेरी सरकार से सहमति नहीं है। जब हमारे देश में विवाह का रजिस्ट्रेशन ही नहीं होता। इसलिए 15 वर्ष से 16 वर्ष के और 25 वर्ष से 30 वर्ष की आय वर्ग के आंकड़े कहां से आ रहे हैं? देश में जो आंकड़े आ रहे हैं कि इस प्रांत में इतनी स्थिरता हुई और उसमें इतनी हुई। पोस्ट ग्रेजुएट के आंकड़े इकट्ठा किए जाएं, तो वहां परिवार नियोजन की और परिवार कल्याण की सारी योजनाएं अपने आप पहुंच चुकी हैं। इसलिए कि जहां सरस्वती और लक्ष्मी पहुंच गईं, वहां जनसंख्या में स्थिरता आ गई। लेकिन जहां दरिद्र नारायण है, जहां अंधविश्वास है, वहां काम करने की जरूरत है। जब हमने इस बात को चिन्हित नहीं किया, तो चाहे वह झारखंड हो, यूपी हो या केरल हो या बिहार का हो, डाक्टर या इंजीनियर अगर पूरे देश का है, वहां जनसंख्या रुकी है। लेकिन मनरेगा का मजदूर चाहे केरल का है, चाहे बिहार या यूपी का है, वह जनसंख्या नहीं रोक सका। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि पहले चिन्हिकरण को ठीक किया जाए। जो क्लास चलती है, जो ट्रेनिंग सेंटर्स चलते हैं, जिसे भी आप दरोगा बना देते हैं, उसे उस विद्यालय से आगे काम करने के लिए भेजते हैं और जो वहां दूसरे ट्रेनिंग लेते हैं, वहां उनकी फिर ट्रेनिंग कराते हैं। जब इस देश में गरीब के पास ही यह समस्या है तो उसका कारण है कि गरीब के अंदर एक लज्जा है। आपने आशा बनाई, उम्र रखी है 18 वर्ष। 18 वर्ष से 25 वर्ष की इस देश की बिटिया जो लज्जा से ओत-प्रोत है वह कभी भी परिवार नियोजन की विधाओं का प्रचार करने गांव में नहीं जा सकती है, उसके अंदर भारत की संस्कृति है, उसके अंदर भारत की सभ्यता है, वह प्रचार करने गांव में नहीं जा सकती है। इसलिए गोपनीय ढंग से गांव के स्तर पर जब आप इसे पहुंचाएंगे, तभी यह संभव हो पाएगा, नहीं तो 80 प्रतिशत लोग जो गांव में निवास करते हैं, जब पांच बच्चों के बाप हो जाते हैं तब उन्हें परिवार नियोजन की विधाओं से जानकारी होती है।

**श्री गुलाम नबी आज़ाद :** सभापति महोदया, सभी दलों के 29 सांसद इस विषय पर बोल चुके हैं, मैं उन सभी को बधाई देना चाहता हूं। मुझे जो लम्बी बात करनी थी वह मैंने शुरु में ही कर दी, अब में 5-6 मिनट से ज्यादा समय नहीं लूंगा।

जनसंख्या के स्थिरीकरण के प्रस्ताव पर बहस करने का जो लक्ष्य था, वह सवाल-जवाब का नहीं था। यह कोई प्रश्नकाल नहीं है, यह कोई बिल नहीं है जिसमें यह प्रावधान रखा जाए, वह प्रावधान रखा जाए। जैसा मैंने शुरु में कहा था कि यह प्रस्ताव हमने इसलिए रखा कि कई सालों से 34-35 वर्षों से परिवार-नियोजन के बारे में सिर्फ दफ्तरों में चर्चा होती रही, चाहे वे केन्द्रीय सरकार के दफ्तर हों या राज्य सरकार के दफ्तर हों। लेकिन जो असली प्लेटफार्म संसद और विधान सभाए हैं, जिला-परिषद् हैं, जहां कानून बनाए जाते हैं, जहां वातावरण बनाया जाता है, उनके बीच में अगर चर्चा न हो तो आफिसर्स का मन भी खट्टा होता है। मैं ऑफिसर्स को इसका दोष नहीं देता। जब मैंने कहा कि एयर-कंडीशन्ड कमरे में बैठकर काम होता है, तो यह केवल दिल्ली का सवाल नहीं है और यह पिछले 34-35 वर्षों से हो रहा है। किसी भी सरकार की पार्टी क्यों न हो, कोई भी ऑफिसर क्यों न हो, जब उन्होंने देखा कि राजनेता ही इस विषय में रुचि नहीं लेते हैं और आप जानते ही हैं कि सरकार में कर्मचारी और ऑफिसर्स उस काम को ज्यादा लगन से आगे बढ़ाते हैं जिसमें सरकार चलाने वाले नेता और उसके साथ-साथ विपक्ष का रोल हो। आज वह तीस साल वाली राजनीति नहीं है जब इमरजेंसी में यह बात हुई थी। उस समय कांग्रेस का राज था, दिल्ली में अपने बलबूते पर गवर्नमेंट थी और हिंदुस्तान के एक-आध राज्य को छोड़कर सभी राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी। लेकिन आज कोई पार्टी अगर यहां विपक्ष में है तो वह पार्टी, उसी का दल किसी न किसी राज्य में सत्ताधारी पार्टी है। आज सभी विपक्ष में हैं और सभी सत्ताधारी हैं। आज कोई यह नहीं कह सकता कि कौन सत्ता में है और कौन विपक्ष में है।

अगर मैं यहां सत्ता में हूं, तो यूपी में विपक्ष में रहूंगा। अगर यूपी वाले हमारे साथी वहां सत्ताधारी हैं, तो यहां विपक्ष में हैं। सभी पार्टियों में ऐसा ही है। आज की जो जिम्मेदारी है, वह वर्ष 1975 से बिलकुल हटकर है। उस समय केंद्र सरकार और राज्य सरकारें, एक नेता एक नीति थी, लेकिन आज अनेक नेता हैं, अनेक नीतियां हैं, अनेक पक्ष हैं, अनेक विचार धाराएं हैं। इन अनेक विचारधाराओं में हमारे भारत का गौरव है कि हमारे विशाल देश में बहुत धर्म हैं, बहुत भाषाएं हैं, अनेकता में एकता है। यही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। यही हमारी ताकत है। विश्व में अगर हमें मान्यता मिलती है, तो इसलिए मिलती है कि अनेकता में एकता हो कर, इतने धर्म इतनी जातियां हो कर हम लोकतंत्र को चला रहे हैं। जो देश दो सौ, तीन सौ, चार सौ साल से लोकतंत्र चला रहे हैं, हम उनसे अच्छा लोकतंत्र चला रहे हैं। उन पर पिछले कई सालों से संदेह हो रहा है, लेकिन हमारे चुनावों पर संदेह नहीं हो रहा है। व्यक्तिगत संदेह हो सकता है, लेकिन समूचे देश पर नहीं हो सकता है। यही हमारी ताकत है, इसी

अनेकता में एकता है। इस समय जो हमारी अनेकता है, उसे हम इस मुद्दे को लेकर एकता में बदलना चाहते हैं। एक व्यक्ति या एक पक्ष या एक सत्ताधारी विपक्ष का मसला नहीं है। इतनी अच्छी बातें हुईं, एक पल के लिए भी मुझे यह नहीं लगा कि कौन सत्ताधारी है और कौन विपक्ष का सदस्य है। हम यहां एक घंटे का प्रश्नकाल चलाते हैं या दूसरी चर्चा करते हैं, तो दस बार इंटरअपशन होती है। आज साढ़े पांच घंटे की चर्चा में एक बार भी टकरार नहीं हुई, टकराव नहीं हुआ। यह इस बात का सबूत है कि हम सभी एक मत के हैं। हम सभी को समझ आया है कि जिस रास्ते पर पूरा देश चल रहा है, जिस प्रकार से आबादी बढ़ती जा रही है, अगर यह आबादी इसी स्तर से बढ़ती जाएगी, तो हमारे देश के लिए यह बहुत खतरनाक चीज है। हमारे बच्चों के लिए, आने वाली पीढ़ी के लिए यह बहुत खतरनाक चीज है। यहां उल्लेख हुआ कि कई तरह की बीमारियां हैं, गुंडागर्दी है, बेरोजगारी है, जमीन के लिए झगड़े भी हैं तथा दूसरे भी कई प्रकार के मसले हैं। यदि जमीन छोटी हो जाती है, तो उस पर झगड़े हो जाते हैं। खाने के लिए जमीन पर झगड़े हो जाते हैं। घर बनाने के लिए जमीन पर झगड़े हो जाते हैं। आज सोने और चांदी की कीमत नहीं है। आज जमीन की कीमत है। आज जो बुद्धिमान आदमी हैं, जो पैसा बनाते हैं, वे सोना चांदी खरीद कर घर में रखना नहीं चाहते हैं, बैंकों में पैसा नहीं रखते हैं, बल्कि वे जमीन का टुकड़ा खरीदते हैं कि वह पड़ा रहेगा और 15-20 साल में इससे एक हजार गुना कीमत पर बेचेंगे। आखिर क्यों जमीन की कीमत बढ़ती जा रही है, क्योंकि जमीन कम है और आदमी ज्यादा हैं। आज से पचास साल पहले, सौ साल पहले जमीन की कीमत क्यों ज्यादा नहीं थी, क्योंकि जमीन ज्यादा थी और इस्तेमाल करने वाले लोग कम थे। जमीन को इस्तेमाल करने की जरूरत कम थी।

आज घर बनाने के लिए जमीन नहीं मिलती। हमारे जैसे आदमी जो 30-35 साल से ढूंढ रहे हैं कि कहीं मिले लेकिन जमीन लेने की हिम्मत नहीं है कि मकान बना लें। साधारण आदमी कहां से बनाएगा? हमारे मुल्क में यह स्थिति बढ़ती हुई आबादी की वजह से पहुंच गई है। खतरे की घंटी तो बहुत पहले बज गई थी, अब खतरे की घंटियां बज गई हैं। अब अगर हमें खतरे की घंटियां भी नहीं सुन रही हैं तो हमारे में कोई नुक्स है। मैं विस्तार में चर्चा नहीं करूंगा संक्षेप में बात कहूंगा। मैंने सब चीज विस्तार से देखी है और सब के भाषणों में जो बात है, मैंने उनमें से एक-एक प्वाइंट निकाला है। मैं इस बात पर पहुंचा कि माननीय सदस्यों ने सबसे ज्यादा बात इन्सेन्टिव के बारे में कही है। यह बात अलग-अलग किस्म के इन्सेन्टिव के बारे में है। सहुलियतें, रिवाड्र्स सरकारी नौकरी, बैंक लोन, महाराष्ट्र या यूपी में लड़कियों को शिक्षा देने के बारे में हैं, इन पर सबसे ज्यादा चर्चा हुई है। मेरा लक्ष्य भी यही था और मैंने शुरू में कहा कि जब हम कमरे में बैठकर पॉलिसी बनाते हैं तो हमारे समूचे देश की सोच उसमें नहीं आती। आज सामने आ गया कि इस देश के चुने हुए नुमाइंदे क्या चाहते हैं। एक बात और उभर कर आई है कि बढ़ती आबादी के बहुत से कारण हो सकते है और सबसे बड़ा कारण गरीबी, बेकारी और बेरोजगारी है। यह ज्यादा वहीं भागती है जहां गरीबी है। गरीबी के साथ सब चीजें जुड़ी हैं। गरीब के साथ बीमारी जुड़ी है, बेकारी

जुड़ी है, अनपढ़ता जुड़ी है, तमाम चीजें जुड़ी हैं। जिसके कारण उसे यह मालूम नहीं कि मैं एक बच्चा पैदा करूं या दस करूं। सड़क पर तो एक बच्चे वाला भी है और दस वाला भी है। इससे यह बात उभर कर आ गई न सिर्फ हैल्थ मिनिस्ट्री को ही नहीं बल्कि पूरी सरकार के साथ राज्यों में जो सरकारें हैं, उनको भी इस बात पर विचार करना होगा।

इसी तरह से चाइल्ड मैरिज के बारे में चर्चा हुई है। लड़कियों की शिक्षा के बारे में बात हुई। इसके साथ दो बच्चे वालों के लिए इन्सेन्टिव की बहुत बात हुई और डिसइन्सेन्टिव भी देने की बात हुई। जहां इन्सेन्टिव की बात हुई वहां बहुत से साथियों ने कहा कि डिसइन्सेन्टिव भी देना चाहिए। दो से ज्यादा बच्चे पैदा होने पर नौकरी नहीं देनी चाहिए, उनके लिए यह चीज नहीं होनी चाहिए, वह चीज नहीं होनी चाहिए। इस बारे में बहुत साथियों ने कहा। एक और बात उभर कर आई है और इसमें बहुत दम है। हम टेलीविजन में देखते हैं कि बहुत सी चीजें छाई हुई हैं और इनमें धार्मिक नेताओं का बहुत बड़ा रोल है। मुस्लिम धार्मिक नेता बहुत कम टेलीविजन पर दिखते हैं, जाकिर साहब पीस टेलीविजन में आते हैं बहुत अच्छी बातें बताते है, कुरान की इन्टरप्रेटेशन बहुत अच्छी करते हैं। मैं हिंदू धार्मिक नेताओं के बारे में कह रहा हूं कि कुछ धार्मिक नेताओं की बात बहुत अच्छी लगती है। मैं हिंदू धार्मिक प्रोग्राम में देखता हूं कि वे कितनी अच्छी सैक्युलरिज्म की बातें कहते हैं। आम तौर पर देखा जाता है कि हिंदू धार्मिक नेता को सुनते नहीं हैं और दूसरे धर्म का आदमी सोचता है कि पता नहीं, यह हिंदू धर्म का प्रचार कर रहा है।

लेकिन यदि आप एकाध घंटा देखेंगे तो वे इतनी अच्छी-अच्छी बातें करते हैं कि दूसरे धर्मों को भी उनसे फायदा होता है। यह बात भी यहां उठी कि अगर इस काम को, इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए धार्मिक नेता हो या धर्मगुरू हो, यदि हम उनका भी उपयोग करेंगे तो इस काम को आगे चलाने में बहुत फायदा होगा। कानून बनाने की बहुत सारे लोगों ने अलग-अलग बात की। वर्ल्ड पापुलेशन डे के बारे में एक दिन या एक हफ्ते के बजाय 15 दिन की बात की। कई माननीय सदस्यों ने कहा कि शादी की उम्र 18 साल के बजाय 23 या 25 साल करो। बर्थ और डैथ रजिस्ट्रेशन के बारे में बात की। इसी तरह से इच्छा शक्ति और आम सहमति की भी यहां बात कही गई और कहा गया कि बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ जो अनाज पैदा हो रहा है, उसका मिसमैच है। आबादी ज्यादा बढ़ती रही है। मैं शायद यहां भूल गया, लेकिन पहले कह चुका हूं कि हर साल हमारे यहां दो करोड़ सत्तर लाख बच्चे पैदा होते हैं। मुझे याद है जब मैंने राजनीति शुरू की थी तो उस वक्त हम कहते थे और आप सुनते थे कि हम हर साल एक आस्ट्रेलिया पैदा करते हैं और उस वक्त आस्ट्रेलिया की जनसंख्या एक करोड़ थी। साथ में यह भी बोलते थे कि एक आस्ट्रेलिया हम एक साल में पैदा करते हैं, क्योंकि आस्ट्रेलिया की जनसंख्या एक करोड़ है। अभी मैं हैल्थ मिनिस्टर बना हूं और राजनीति में हूं और वे एक करोड़ से दो करोड़ सत्तर लाख तक पहुंच गये। आप अंदाजा लगाइये कि अब कितने आस्ट्रेलिया, कितने न्यूजीलैंड और कितने देश हम हर साल पैदा करते हैं।

जाहिर है जिस गति से हम बच्चे पैदा करते हैं, उस गति से हम अनाज पैदा नहीं करते। इसलिए यह हमारे लिए एक बहुत बड़ी चिंता का विषय है।

सभापति महोदया, एक बहुत अच्छी बात शादियों के बारे में उभरकर आई। जैसा मैंने पहले ही उल्लेख किया था कि 15,16 या 17 साल की बच्चियां होती हैं और अधिकतर देखा गया है कि कहीं भी शादी हो, नेता को जरूर बुलाया जाता है और सिर्फ एक पार्टी या एक दल के नेता को नहीं बुलाया जाता, बल्कि सभी दलों के नेताओं को बुलाया जाता है। क्योंकि अब लोग भी बड़े चालाक हो गये हैं, वे जानते हैं कि आज यह सत्ता में हैं, कल दूसरा सत्ता में होगा, परसों पहले वाला सत्ता में था। इसलिए सबको जोड़ लो, कौन कब सत्ता में आ जाए, इसलिए वे शादी में सबको घेर लाते हैं। यदि अगर हम सारे नेता हर लैवल पर यह निर्णय ले लें कि वहां नहीं जाए, बल्कि पहले उम्र मालूम करायें। आप यदि एक महीना पहले इंक्वायरी शुरू करेंगे तो उसका बहुत फर्क पड़ेगा। क्योंकि कानूनन 18 साल की उम्र तक आप शादी नहीं कर सकते। परंतु जब एमएलए और एमपी उसकी इंक्वायरी शुरू करेगा और वह अखबार में आने लगेगा तो यदि एक आदमी की इंक्वायरी होगी तो उसके गांव के सौ लोग सतर्क हो जायेंगे कि एमपी साहब, मिनिस्टर साहब या एमएलए साहब ने इंक्वायरी कराई और पुलिस के थानेदार को बताया, चौकीदार को बताया, नम्बरदार को बताया या रेवेन्यू ऑफिसर को बताया कि इसकी उम्र कितनी है। इसलिए भाई बचे रहो, अब चाहे वह उस वक्त गलत लिखाये, लेकिन दूसरे लोग इस मामले में सतर्क रहेंगे। यह बात भी यहां आई। ...(व्यवधान) अब इसी में अगर हम डर कर करेंगे तो फिर कुछ नहीं कर पायेंगे। जो डर गया, वह मर गया। यदि गांव के लोगों के डर से नही मरना है तो वैसे ही 20-30 साल के बाद भूखे मर जाओगे। यह बात मैं अपनी तरफ से नहीं कह रहा हूं, ये तमाम चीजें आप लोगों ने बताई हैं। जो मेरे मुंह से आ रही हैं, ये बातें आप लोगों के बीच से उभरकर आई हैं, मैं उनका खाली उल्लेख कर रहा हूं कि ये चीजें यहां उभरकर आई हैं।

इसी तरह अल्ट्रासाउंड के बारे में चर्चा हुई। हमारी एक बहिन, जो पंजाब से हैं, ने अच्छा भाषण किया और बताया। जहां दूसरी चीजें टीएफआर के बारे में अच्छी हो रही हैं लेकिन पंजाब में लड़कियों की संख्या बहुत कम है और कम हो रही हैं। ये इसलिये कम हो गई हैं क्यों कि अल्ट्रासाउंड से मुसीबत हो गई है आप गर्भवती महिला को देखते हैं, वे अल्ट्रासाउंड कराती हैं कि लड़का है या लड़की है,, यदि लड़की है तो अबौर्शन करा देती हैं। देश के कुछ राज्य ऐसे हैं - जैसे पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड जहां लड़कियों की कमी आ गई है। लड़कियां कम लेकिन लड़के ज्यादा हो गये हैं। जैसे आने वाले वक्त में जमीन और अनाज के बीच की खाने वाले और पैदा करने वाले की प्राब्लम है, उसी तरह लड़के और लड़कियों की मुसीबत हो जायेगी। यह तो एक नेचुरल प्रोसैस है कि लड़के और लड़कियां बराबर होनी चाहिये जिसमें थोड़ा फर्क हो। लेकिन अगर इतना ज्यादा फर्क हो तो बहुत ज्यादा मुसीबत हो जायेगी, लॉ एंड ऑर्डर की समस्या पैदा हो जायेगी। अल्ट्रासाउंड के लिये तो कानून बना है कि जो अबौर्शन अल्ट्रासाउंड के जरिये करेगा, उसका लाइसैंस जब्त हो जायेगा, उस पर एक्शन होगा, वह जेल जायेंगे लेकिन इसे इंपलीमेंटेशन करने की जरूरत है।

सभापति महोदया, इसी तरह फैमिली प्लानिंग के जो इंटरनैशनल इंस्टीट्युटस हैं, उनके बारे में चर्चा हुई। कई ऐसी बातों पर यहां चर्चा हुई जिन्हें हम चाहते थे। अब मैं दो-तीन बातें आपसे कहना चाहूंगा। एक तो यह कि जो आपने बताईं। आपसे एक हफ्ता...(व्यवधान)

SHRI SANSUMA KHUNGGUR BWISWMUTHIARY (KOKRAJHAR): What about the two issues – checking infiltration from Bangladesh and giving special concession to tribal people – that I have raised?

**श्री गुलाम नबी आजाद:** वह तो फॉरेन मिनिस्टर और होम मिनिस्टर बतायेंगे। हम तो यहां पापुलेशन के बारे में बात कर रहे हैं। जो कॉमन बातें थीं, उनका मैंने उल्लेख किया। जैसा मैंने शुरु में कहा कि अभी जो हमारी पौलिसी थी, वह कानून के जरिये नहीं बल्कि अवेयरनैस के जरिये थी। । यह पौलिसी अभी तक मौजूद है। हमारे साथी कहते थे कि सख्त कानून के बगैर नहीं हो सकता है, ऐसा मेरा मानना नहीं है। आखिर क्यों? मैंने जिन 14 राज्यों का अपने भाषण में शुरु में उल्लेख किया कि वे पूर्व, पश्चिम, उत्तर दक्षिण के हैं, सैंट्रल के भी हैं। जब उन 14 राज्यों में बगैर किसी मार्शल लॉ के, बगैर किसी कानून के, बगैर किसी ज्युडिशियरी के, बगैर किसी दबाव के, बगैर किसी धमकी के, बगैर किसी लाठी के, बगैर किसी लालच के यह हो पाया बाकी राज्यों में क्यों नहीं हो पाया? मैं माननीय सदस्यों से बिलकुल सहमत हूं। शायद श्री यादव जी ने कहा कि इस काम में विल होने की जरूरत है। इसमें हिम्मत की जरूरत है। अगर हम अपने अंदर विल पैदा करेंगे तो काम हो जायेगा। शुरु शुरु में कश्मीर में फिदाईन हुये थे, बाद में नहीं हुये। भगवान करे अब यहां न हो लेकिन पाकिस्तान में फिदाईन दूसरों की जान लेने

के लिये हुये हैं। लेकिन हमें इस काम को चलाने के लिए फिदाईन की जरूरत है जो जागरूकता पैदा करें, जो जान न लें लेकिन हिन्दुस्तान को बचायें। वह लाठी के जरिये नहीं, कानून के जरिये नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन मानसिकता में लायें और अगर माईंड सैट में परिवर्तन लायेंगे तो परिवर्तन आ सकता है। मैंने शुरु में भी कहा है कि हम अपोजीशन को रूलिंग में बदलते हैं, रूलिंग को अपोज़ीशन में बदलते हैं, हारने वाले को जीतने वाले में बदलते हैं, और जीतने वाले को हारने वाले में बदलते हैं । इस सब का क्या कारण है? वह सिर्फ हम एक महीने में करते हैं लेकिन आज तो वह 15 दिन में करते हैं।

बीस साल पहले तो यह एक महीने में होता था, लेकिन अब तो यह पन्द्रह दिन में होता है।

**सभापति महोदया :** माननीय मंत्री जी आप कितना समय लेंगे? आपके रिप्लाई तक कितना समय बढ़ा दिया जाये?

**श्री गुलाम नबी आज़ाद :** महोदया, बस अब मैं समाप्त कर रहा हूं। यह उथल-पुथल हम सिर्फ पन्द्रह दिनों में करते हैं तो हम सब मिलकर सोलह साल में यह काम क्यों नहीं कर सकते हैं? मुझे खुशी है कि आज मेरे पास स्वास्थ्य मंत्रालय में अधिकारियों की बहुत अच्छी टीम है। जिस विचार का मैं हूं, उसी विचार के वे लोग हैं। कभी-कभी यह भी होता है कि मंत्री एक विचार का और अधिकारी दूसरे विचार के होते हैं। वे इस वक्त भिड़ने के लिए तैयार हैं, इनके साथ अगर आप भी भिड़ जायेंगे तो गाड़ी आगे चलेगी। मैं चाहता हूं हर मेंबर ऑफ पार्लियामेंट इस मिशन को चलाने के लिए एक एम्बेसडर बने, न सिर्फ अपने निर्वाचन क्षेत्र में बल्कि जहां भी वे सत्ताधारी हैं, वहां अपने मुख्यमंत्री जी से, अपने स्वास्थ्य मंत्री जी और दूसरे लोगों से इस पर चर्चा करके इस प्रोग्राम को सफल बनायें। आप सबने इसमें हिस्सा लिया, समय दिया, अच्छे सुझाव दिये और स्पीकर महोदया, ने हमें यह चर्चा करने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आप सबका अपने मंत्रालय की तरफ से बहुत-बहुत आभार इस आशा के साथ प्रकट करता हूं कि एमपीज़ और मीड़िया मिलकर इस मिशन को आगे चलायेंगे और यह मिशन सफलता प्राप्त करेगा। धन्यवाद।

**सभापति महोदया :** मुझे लगता है कि अब यहीं समाप्त करें।

...(व्यवधान)

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी):** महोदया, यहां कहा गया था कि जीरो ऑवर लिया जायेगा।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** जीरो ऑवर एक ही शर्त पर लेंगे कि प्रत्यके माननीय सदस्य एक-एक मिनट में अपनी बात कहकर समाप्त करें।

...(व्यवधान)

**श्री रामकिशुन (चन्दौली):** महोदया, ये देश की जनता की समस्याओं से जुड़े हुए मुद्दे हैं, एक मिनट में कैसे समाप्त हो सकता है।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** मैं आपकी बात को समझ रही हूं, इसीलिए मैं यह कह रही हूं।

...(व्यवधान)

**श्री रामकिशुन (चन्दौली):** पहले जीरो ऑवर शुरू तो होने दीजिये।...(व्यवधान)

**सभापति महोदया :** मुझे लगता है कि अब आज कुछ न करें।

...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN : The House stands adjourned to meet tomorrow at 11.00 A.M.

**20.32 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, August 5, 2010/Sravana 14, 1932 (Saka).*

---